तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 21 जनवरी 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



10 निकाय और पंचायत का बजा चुनावी बिगुल, शहर से हटा रहे बैनर-पोस्टर





11 लॉकडाउन की बेरोजगारी से उबरने पत्नी ने दिया आइडिया, युवक कर रहा गुलाब की खेती




### चुनाव का ट्वंटी-ट्वंटी, निकाय और पंचायत चुनाव साथ में, निकायों में 22 से नामांकन, 15 फरवरी को होगी मतगणना

# फटाफट क्रिकेट की तरह निकाय और पंचायत चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए मिलेंगे सिर्फ 11 दिन, ऐसा पहली बार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में पहली बार निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। इतना ही नहीं महज महीनेभर के अंदर दोनों चुनाव की सारी प्रक्रिया पूरी होनी है। सोमवार को चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू कर दी गई। जिले के निकायों में दुर्ग के अलावा कुम्हारी, अहिवारा, अमलेश्वर, धमधा, पाटन, उतई में वार्ड चुनाव के साथ मेयर और अध्यक्ष चुने जाएंगे। वहीं भिलाई, भिलाई-चरोदा, रिसाली निकायों में वार्डों में उपचुनाव होंगे। 22 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। 11 फरवरी को मतदान और 15 फरवरी को मतगणना होगी। इस प्रकार प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्याशियों को महज 11 दिन मिलेंगे। त्रि-स्तरीय पंचायत के मामले में 304 पंचायतों में सरपंच और पंच का चुनाव होगा। जिला और जनपत के मामले में जिला पंचायत के 12, जनपद के मामले में दुर्ग में 24, धमधा में 20, पाटन में 25 सदस्यों का निर्वाचन होगा। तीन चरणों में प्रक्रिया होगी। 27 जनवरी से शुरुआत होगी। 17, 20, 23 फरवरी को मतदान और 18, 21 और 24 फरवरी को मतगणना होगी। निकायों की नामिनेशन प्रक्रिया जिला मुख्यालय में होगी। पंचायतों और जनपद को लेकर जिला निर्वाचन ने सोमवार तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है। 21 जनवरी को इसका निर्धारण किया जाना है।

### दुर्ग, कुम्हारी, अहिवारा, अमलेश्वर, धमधा, पाटन, उतई में होंगे वार्ड चुनाव, भिलाई, भिलाई-चरोदा, रिसाली में उपचुनाव, जिले के 166 वार्डों में होना है चुनाव



### निकायों में होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि, आगामी 22 जनवरी को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन इसी दिन से शुरू हो जाएगा। वहीं 28 जनवरी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी। वही नाम निर्देशनों के पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी और 31 जनवरी को अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख तय की गई हैं। मतदान 11 फरवरी को होगी, वहीं चौथे दिन 15 फरवरी को परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### पंचायत में महिलाओं का रहेगा दबदबा

अंतिम प्रकाशन के आंकड़ों के अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के 73 वार्ड में पुरूष 80680 महिला 82147 टोटल 162831 जनपद पंचायत धमधा के वार्ड 119 में पुरूष 83511 महिला 82637 टोटल 166149 जनपद पंचायत पाटन के वार्ड 108 में पुरूष 83364 महिला 84369 टोटल 167733 हैं। इस तरह तीनों जनपद में पुरूष 247555 महिला 249153 है। इस तरह जिले के पंचायतों में टोटल 4 लाख 96713 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

### पंचायत चुनाव के लिए तीन चरणों में प्रक्रिया 27 से

जारी कार्यक्रम के तहत आगामी 27 जनवरी 2025 को तीनों चरण का निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन व नाम निर्देशन की प्राप्ति शुरू हो जाएगी। वहीं नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख तीन फरवरी, निर्देशन पत्रों की संविक्षा चार फरवरी को होगी। वहीं अभ्यर्थियों से नाम वापसी छः फरवरी को तय हैं। जबकि मतदान तीनों ब्लाको में अलग-अलग तिथि में होगें। आगामी 17 फरवरी को दुर्ग, बीस फरवरी को पाटन और 23 फरवरी को धमधा में चुनाव होगें। इसी तरह परिणाम दूसरे दिन यानि पहले चरण का 18 दूसरे का 21 और तीसरे चरण का परिणाम 23 को जारी होगें।

### निकायों में ईवीएम से वोटिंग, पंचायत चुनाव बैलेट से

जानकारी के मुताबिक इस बारे के निकाय चुनाव ईवीएम से होंगे। पंचायत चुनाव बैलेट से कराए जाने की तैयारी की गई है। खर्च सीमा निकायों में निगम में पांच लाख से अधिक आबादी में 25 लाख, तीन से पांच में 20 लाख खर्च और तीन से कम में पन्द्रह लाख है। वही नगरपालिका परिषद में पचास हजार से अधिक पर दस लाख, पचास हजार से कम में छः लाख चुनाव में प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे। इसी तरह नगर पंचायत में छः लाख तय हैं। इसी तरह मेयर के लिए नामांकन फीस बीस हजार, नगरपालिका के अध्यक्ष के लिए पन्द्रह हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष दस हजार है। नगरपालिका निगम में पार्षद के लिए पांच हजार, नगरपालिका में तीन और नगर पंचायत में एक हजार निर्धारित है।

### 25 तक प्रत्याशी होंगे तय



पार्टी हाईकमान से मिले निर्देश के आधार पर हमने प्रत्याशियों के चयन को लेकर बैठकें शुरू कर दी है। हमारा प्रयास है कि हम 25 जनवरी से पहले मेयर, अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दें। प्रचार-प्रसार के लिए समय कम है, लेकिन हमारी तैयारी पूरी है।

- सुरेंद्र कौशिक अध्यक्ष भाजपा दुर्ग

### हमारी तैयारी पूरी



समय कम है, लेकिन हमारी तैयारी पूरी है। अगले एक से दो दिन में सारे प्रत्याशियों के नामों को घोषणा कर दी जाएगी। मेयर के लिए 10 आवेदन आए हैं, सभी पर मंथन किया जा रहा है। पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा पहले की जाएगी।

- गया पटेल
अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस दुर्ग

### निकायों के 166 वार्डों में होंगे पार्षद चुनाव, दुर्ग निगम में 2.35 लाख मतदाता

जिले के दस निकायों के 166 वार्डों में चुनाव होंगे। दुर्ग निगम के 60 वार्ड में पुरूष 120792 महिला 114855 हैं, यहां टोटल मतदाता 235668 हैं। इसी तरह भिलाई निगम में होने वाले दो वार्ड के उपचुनाव में पुरूष 5699 महिला 5649 टोटल 11348 हैं। निगम रिसाली के एक वार्ड में पुरूष 1053 महिला 1143 टोटल 2196 हैं। भिलाई चरौदा निगम के एक वार्ड में पुरूष 1154 महिला 1162 टोटल 2316 हैं। परिषद अहिवारा के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 8044 महिला 8518 टोटल 16562 हैं। अमलेश्वर परिषद के अठारह वार्ड में पुरूष 6347 महिला 6228 टोटल 12575 हैं। कुम्हारी परिषद के चौबीस वार्ड में पुरूष 15552 महिला 15751 टोटल 31304 हैं। नगर पंचायत धमधा के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 3841 महिला 4184 टोटल 8027 हैं। नगर पंचायत पाटन के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 4878 महिला 4465 टोटल 8543 हैं। नगर पंचायत उतई के पन्द्रह वार्ड में पुरूष 3913 महिला 4203 टोटल 8116 हैं। इस तरह दसों निकाया में टोटल पुरूष 170473 और महिला 166158 टोटल 3 लाख 36655 हैं।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी ने लगाई फांसी



**भिलाई।** फांसी लगाने के पहले बीएसपी कर्मी ने अपनी बहु को वीडियो कॉल कर जानकारी दी। उसके बाद फांसी पर झूलने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानाम कर पीएम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि बीएसपी कर्मी सेक्टर 1 क्रॉस स्ट्रीट 1 क्वार्टर नंबर 41 सी निवासी राजेश सोनकर 53 वर्ष ने अपने मकान में फांसी लगा लिया। इस दौरान फांसी लगाने के पहले राजेश सोनकर अपनी बहु को वीडियों कॉल कर घटना को अंजाम देने की जानकारी देकर फांसी पर झूल गया। इस आत्मघाती कदम उठाने के पीछे क्या कारण है इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मौके से पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसाइडल नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक मृतक पारिवार को लेकर परेशान था। फिलहाल जांच के बाद ही घटना का असली कारण पता चल पाएगा। मृतक की पत्नी मायके बिलासपुर गई हुई है। घटना की जानकारी लगने पर अपने घर सेक्टर 1 आने को निकली है। बताया जा रहा है सुबह 9 से 10 बजे के मध्य घरेलू काम करने वाली नौकरानी घर आकर काम करने के बाद नाश्ता बनाकर राजेश सोनकर को दिया था। नाश्ते का प्लेट वैसे ही पड़ा हुआ था।

### आरक्षक और उसके दोस्त ने संत्री के साथ की मारपीट

**भिलाई।** बिना हेलमेट के आरक्षक और उसका दोस्त बटालियन परिसर में बाइक में सवार होकर भीतर प्रवेश करने की कोशिश करने के मामले में संत्री के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरक्षक और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 296, 221,1 32, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रथम बटालियन छसबल आरक्षक हुसीलाल यादव ने शिकायत किया है कि वीर कोमल गेट में ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान छसबल आरक्षक 19 शैलेन्द्र सारंग दोस्त राहुल प्रसाद दोनों अलग अलग अपनी बाइक से बिना हेलमेट के बटालियन परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। जिसे लेकर दोनों को रोका गया, इसी बात को लेकर आरक्षक शैलेन्द्र सारंग, राहुल प्रसाद संत्री के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते विवाद करने लगे। दोनों ने गाली गलौज कर पीड़ित से मारपीट करने लगे। घटना में हुसीलाल यादव के पीठ सिर पर चोट आई है। घटना 18 जनवरी की है। आरक्षक शैलेन्द्र सारंग छसबल डी समवाय और राहुल के पिता प्रथम बटालियन मे पदस्थ है। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

### दिव्यांग युवक की हत्या तीन संदिग्धों से पूछताछ



**भिलाई।** दो दिन पहले तालाब में शव मिलने के मामले में परिजनों ने थाने में प्रदर्शन करने के बाद अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जेवरा सिरसा स्थित आईआईटी से लगे तालाब में 35 वर्षीय दिव्यांक युवक लालदास चतुर्वेदी का शव मिला था। युवक कोसा नगर सुपेला निवासी था। मृतक घर से 16 जनवरी से गायब था। शव का पीएम कराने के बाद रिपोर्ट में सीने में गहरे चोट के निशान पाए गए। लेकिन पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस भी चौक गई। हत्या के मामले में पुलिस ने तीन संदेही युवकों को पकडकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों के बारे में पता लगाने के लिए पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस की माने तो संदिग्ध किस्म के युवकों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को आरोपियो का खुलासा पुलिस कर सकती है। इसे लेकर एसीसीयू व सुपेला पुलिस की टीम जुटी हुई है। खुलासे के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दिव्यांक युवक की हत्या किस परिस्थिति में और क्यों आरोपियों द्वारा किया गया है। मृतक विवाहित था उसकी पत्नी भी विकलांग है दोनों के तीन बच्चें है। लाल दास के मौत के बाद बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। टीआई थाना सुपेला राजेश मिश्रा ने बताय कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम कर जांच में लिया गया है। आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मृतक विकलांग था बारिकी से जांच की जांच रही है।

# जीएसटी अफसर के बेटे ने बिटकॉइन ट्रेडिंग का झांसा देकर महिला से 36 लाख की ठगी किया, नागपुर से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बिटकॉइन ट्रेडिंग का झांसा देकर जीएसटी अफसर नागपुर के बेटे ने लाखों रुपए का ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्लाट बी- 1122 सड़क 13 स्मृति नगर निवासी वैष्णवी नायर ने 24 सितंबर 2024 को पुलिस में शिकायत किया था। वर्ष 2016 में आरोपी न्यु वसुंधरा सोसयटी बेलतोरडी नागपुर थाना बेलतरोड़ी जिला नागपुर निवासी तन्मय विनोद कोहड़ 28 वर्ष के साथ दुर्ग के बी.टेक कालेज में पढाई के दौरान उनकी पहचान हुई थी। वर्ष 2019 में आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ ने अपने नौकरी को लेकर बातचीत किया। तब पीड़िता ने उसे उसे नौकरी अभी नही मिलने की जानकारी दी थी। आरोपी तन्मय विनोद कोहड़ ने पीड़िता को झांसे में लेकर बिटकॉइन में रकम निवेश करने पर बेहतर रिटर्न होने की बात कही थी। इसे लेकर पीड़िता ने लालच में आकर वर्ष 2020 से 2022 तक विभिन्न समय पर मोबाईल नंबर से पेटीएम खाता 919893387652 में कुल 36 लाख 15 हजार 212 रुपए ट्रांसफर किया था।रकम नहीं लौटाने पर परेशान होकर घटना की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश में टीम लगाई गई थी। आरोपी के मोबाइल नम्बर की तकनीकी जानकारी लेकर ट्रेस किया गया।

■ महिला के साथ कालेज में पढ़ता था आरोपी



### केबल ऑपरेटर बनकर पहुंची थी पुलिस

पुलिस ने आरोपी तन्मय विनोद कोहड के यहां नागपुर निवास में दबिश देने के लिए पुलिस की टीम केबल ऑपरेटर बनकर पहुंची। पुलिस की डर से आरोपी अपने मकान को बाहर से ताला बंद कर भीतर छिपकर तन्मय बैठा था। पुलिस ने थाना बेलतरोड़ी जिला नागपुर महाराष्ट्र पहुंचकर नागपुर पुलिस से समन्वय बनाकर आरोपी तन्मय को गिरफ्तार किया। आरोपी से पुछताछ करने पर मोबाइल फोन जब्त किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला को पहले लालच देकर राशि लेना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी के बैंक खातों की जानकारी जुटा रही है। आरोपी तन्मय विनोद कोहड़को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

### आरोपी सीजीएसटी अफसर का बेटा निकाला

पुलिस के मुताबिक आरोपी तन्मय के पिता विनोद कोहड़ सेंट्रल जीएसटी डिपार्टमेंट में स्टेटिक्स डिपार्टमेंट में सुप्रींटेंडेंट हैं। वे इससे पूर्व भोपाल, रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव, दुर्ग, जगदलपुर, भाटापारा, बिलासपुर में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। प्रमोशन पाकर सुप्रींटेंडेंट बनने के बाद कुछ समय रायपुर फिर उसके बाद से नागपुर कस्टम में गए। वर्तमान में नागपुर में पदस्थ हैं। क्राइम ब्रांच व सुपेला, स्मृति पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने पहुंची थी। इस कार्रवाई में टीआई राजेश मिश्रा, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गुरूविंदर सिंह संधु समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# कोक कारोबारी से 14 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कोक के नाम पर कारोबारी से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406, 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मां काली ट्रेडर्स के प्रो. शंभुजी का आफिस आनंद भवन मेहता चाल आर नं.24, नेताजी सुभाष नगर घाटकोपर जेएमएम रोड असलफा वेस्ट महाराष्ट्र में है। इनके द्वारा एसपीए, 2ए, जोन 3 खुर्सीपार निवासी ऋषभ इंटरप्राइजेस प्रो. ऋषभ सिंह के साथ कोयला कारोबार के लिए आरोपी से डील हुई। ऋषभ सिंह का ट्रेडिंग व कोक का कारोबार हैं। दस वर्षो से एक दुसरे के साथ कारोबार करते आ रहे हैं। दोनों के कंपनियों के बीच कोक का लेन देन चलता आ रहा है। इस दौरान शंभुजी को अपने कारोबार के लिए कोक की जरुरत पड़ी थी। तब ऋषभ सिंह से संपर्क किया। ऋषभ ने आरोपी को कोक देने में हामी भरी दोनों के बीच आपस में कोक की कीमत को लेकर रेट तय हो गया। शंभुजी ने पीड़ित से जरूरत के हिसाब से कोक मंगाता गया। जिस भी रकम में कोक उपलब्ध होगा उसी हिसाब से पेमेन्ट कुछ दिनो के भीतर करने का आश्वासन आरोपी ने दिया। शंभु ने ऋषभ सिंह से 19 दिसंबर 2021 से लेकर 8 फरवरी 2023 तक कोक मंगाया। कोक को ट्रान्सपोर्टर न्यु शालीमार ट्रान्सपोर्ट के द्वारा वाहनों से शंभु के बताये पते मां काली ट्रेडर्स एम.8688 पम्पिरी दईसर एकता मार्केट मुम्बरा पनवेल रोड़, मुम्बई (महाराष्ट्र) भेजा गया। माल कंपनी को मिल गया। उक्त माल की कीमत 30 लाख 99 हजार 680 रुपए का दिया गया।


■ महाराष्ट्र स्थित मां काली ट्रेडर्स प्रो. पर कार्रवाई

### इतने रुपए किस्तों में दिया

अलग अलग समय पर मां काली ट्रेडर्स ने 13 लाख का भुगतान किया गया। बचा 17 लाख 99 हजार 680 रुपए रोक दिया। इसे लेकर ऋषभ सिंह द्वारा 8 फरवरी 2023 को अंतिम बार कोक दिया गया। अंतिम भुगतान 27 मार्च 2023 को किया गया था उसके बाद भुगतान रोक दिया गया। भुगतान के लिए ऋषभ सिंह ने मां काली ट्रेडर्स से प्रो. से कई बार फोन से सम्पर्क किया। लेकिन रकम देने को लेकर टाल मटोल करता रहा। परेशान होकर पीड़ित ने मां काली ट्रेडर्स को नोटिस भी भेजा गया। इसके शंभु ने 19 सितंबर 2024 को 2 लाख रुपए, 25 सितंबर 2024 को 1 लाख, 8 अक्टूबर को 72 हजार 939 रुपए आरटीजीएस से भुगतान किया। फिर शेष रकम 14 लाख 26 हजार 741 रुपए आरोपी ने नहीं दिया।

### पंचायत चुनाव के प्रभारी बनाए गए शिव चंद्रकार

**भिलाई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव चंद्राकर को आगामी पंचाय चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा की अनुशंसा पर उनकी नियुक्ति की गई है। त्रिस्तरीय चुनाव 2025 में वे जिला पंचायत, जनपद पंचायत के प्रभारी होंगे। संगठन स्तर पर किस प्रत्याशी को समर्थन देना है, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं से सामजस्य स्थापित कर वे यह निर्णय लेंगे। शिव चंद्राकर पूर्व में बीजेपी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह महामंत्री, विधानसभा प्रभारी और बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं।




एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



KHALSA PUBLIC SCHOOL
DONGARGARH
(CHHATTISGARH)
(C.B.S.E. School)
CBSE Affiliation No. : 333059
School Code : 15130
WE ARE HIRING!
VACANCY
PGT- English, Commerce Stream (Salary - 30K to 35K per month)
P.G. in Relevant Subject + B.Ed + 5 Years Experience
TGT - English, Social Studies (Salary - 22K to 27K per month)
Graduation in Relevant Subject + B.Ed + 5 Years Experience
Primary- English, Social Studies (Salary - 10K to 15K per month)
Graduation + D.El.Ed. + 5 Years Experience
* Candidates for teaching position should be fluent in English, must have excellent academic record and should have working knowledge of computer, and relevant work experience will be preferred.
E-mail your complete biodata with documents and colour photo, (same can also be dropped in school office) before 25th of January 2025
* Only short listed candidates will be called for interview.
E-mail your resume at - khalsaschool.dgg@gmail.com
APPLY NOW!
SEND YOUR C.V. @
NEAR GURUDWARA, BUDHWARI PARA, WARD NO. 13, DONGARGARH. DIST - RAJNANDGAON, PIN - 491445
Khalsaschool.dgg@gmail.com
Contact :- 9425560092 / 7470870092 / 07823233772
or visit : khalsapublicshool.com




# भाजपा में बना तीन-तीन नाम का पैनल, कांग्रेस पार्टी खोज रही वार्ड प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पार्षद प्रत्याशियों के लिए मंडल स्तर पर गठित चयन समिति ने तीन-तीन नाम का पैनल जिला चयन समिति को भेज दिया हैं। अब चयन समिति सिंगल नाम तैयार कर इसे संभागीय चयन समिति को अनुमोदन के लिए भेजेगी। इसमें अध्यक्ष प्रत्याशी भी शामिल होगें। वही दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी भाजपा के मुकाबले पीछे चल रही है। यहां अब तक वार्डो में प्रभारियों की नियुक्ति तक नही हुई हैं। बहरहाल आचार संहिता लगने के बाद चुनाव सरगर्मी तेज हो गई हैं।

भाजपा ने दुर्ग नगरनिगम के साठ वार्ड सहित परिषद और नगर पंचायत के अध्यक्षों की पैनल तैयार कर ली हैं। जिसे संभागीय चयन समिति को सिंगल नाम अनुमोदन के लिए भेजेगी। हांलाकि भाजपा ने 21 जनवरी को पार्षद और 22 को मेयर प्रत्याशियों की घोषणा किए जाने की तैयारी थी। इस बीच यह बताया जा रहा है कि, 21 जनपरी को संभाग के जिला संगठनों की बैठक रखी गई हैं। इस दौरान निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। इसका हवाला देकर पार्टी ने प्रत्याशी घोषणा की तिथि पार्षद का 22 और मेयर का 23 जनवरी कर दिया गया हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, मेयर प्रत्याशी के लिए दर्जनभर नाम सामने आए है। इसे संभाग और फिर प्रदेश को भेजी जाएगी। जिसकी घोषणा वही से होगी। सूत्रों की माने तो भाजपा ने साठ वार्डो में पार्षद प्रत्याशी के लिए आधे से ज्यादा वार्डो में सिंगल नाम भी तय कर लिए है।

## आचार संहिता लगने के बाद अब प्रत्याशी चयन की खोजबीन तेज

### कांग्रेस में आवेदन लेने का सिलसिला

कांग्रेस पार्टी में अभी भी आवेदन लेने का ही सिलसिला चल रहा है। पार्षद सहित मेयर प्रत्याशियों ने ब्लाक से लेकर जिला संगठन के नेताओं और यहां तक कि मेयर प्रत्याशी तो प्रदेश के नेताओं तक दावेदारी कर चुके हैं। इस बीच सोमवार को कांग्रेस भवन में बैठक कर वार्डो में प्रभारी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। ये प्रभारी फिर प्रत्याशियों से आवेदन लेकन रायशुमारी करेगें। भाजपा में जहां पैनल तैयार हो चुका है। वहीं कांग्रेस में आवेदन लेने तक की प्रक्रिया सिमटी हुई हैं। बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता अरुण वोरा, आर.एन. वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल और विभिन्न मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष उपस्थित थे।




### मेयर के लिए भाजपा में दर्जनभर नाम

दुर्ग नगरनिगम में मेयर सीट पिछडा वर्ग महिला हैं। ऐसे में इस सीट के लिए भाजपा में दर्जनभर से अधिक नाम सामने आ चुके हैं। दुर्ग सीट में पिछडा वर्ग की बाहुल्यता रही हैं। ऐसे में यहां भाजपा से डां भारती साहू, पूर्व पार्षद रही अल्का बाघमार, लीना दिनेश देवांगन, गायत्री वर्मा सहित दर्जनभर नाम है। इसी तरह कांग्रेस में मेयर प्रत्याशी के लिए सरस्वती वर्मा, अधिवक्ता कल्पना देशमुख, अधिवक्ता रामकली यादव, प्रेमलता साहू सहित आधा दर्जन के नाम सामने आए है, जिन्होने मेयर पद के लिए दावेदारी की हैं।

## खबर संक्षेप



### टेनिस बाल क्रिकेट में बैगापारा टीम रही विजेता

दुर्ग। ग्राम कोटनी में ग्रामीण व शहरी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि 22 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता सप्ताह के प्रत्येक रविवार को खेला गया तथा 32 टीमों ने भाग लिया। फायनल मैच 19 जनवरी को बैगापारा दुर्ग वर्सेस बोरसी भांठा के बीच हुआ। जिसमें बैगापारा ने 10 विकेट से जीत हासिल की पुरस्कार स्वरूप 21,000 रुपए नकद व ट्रॉफी नवीन राजपूत द्वारा दिया गया। इसके अलावा महेंद्र नायक ने दूसरे प्रतिभागी को 10,000 रुपए नकद व ट्रॉफी व तीसरा पुरस्कार के रूप में पंकज टांक द्वारा 7000 रुपए नगद राशि दी गई। तथा सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में विजेता, उप विजेता टीम को ट्राफी शील्ड और जीत राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नवीन राजपूत, जय राम साहू, मनीष साहू, लोमस साहू, मिथुन रिगरी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सहायक कलेक्टर को सौंपा गया प्रभार

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने अभ्यास हेतु 27 जनवरी से 2 फरवरी तक एक सप्ताह की अवधि के लिए कार्यालय उप संचालक कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग जिला दुर्ग के साथ संलग्न किया गया है। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में उप संचालक कृषि विभाग उद्यानिकी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### परिजनों को मिली 4 लाख की सहायता

दुर्ग। कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कातरो तहसील व जिला दुर्ग निवासी जगतराम की विगत 10 अक्टूबर 2023 को सर्प के काटने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व जगतराम की पत्नी श्रीमती दुर्जी बाई साहू को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**चुनाव : आचार संहिता प्रभावशील होते ही सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई हुई शुरू**

# निकाय और पंचायत का बजा चुनावी बिगुल, शहर से हटा रहे बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय, पंचायत निर्वाचन 2025 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होते ही जिला प्रशासन जिले में नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही चल रही है। आचार संहिता लगने के बाद राजनीतिक पोस्टर के प्रचार प्रसार पर रोक लगा दिए गए हैं। आचार संहिता लगने के बाद आयोग द्वारा राजनीतिक गतिविधियों पर सक्ती से नजर रखी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगरीय निकाय एवं जनपद क्षेत्रों में प्रशासनिक अमला द्वारा मुस्तैदी के साथ सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। शहर में सडक किनारे नेताओं के लिए बैनर पोस्टरों को हटाया गया। इसके लिए निकायों में टीम का भी गठन किया गया हैं। सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्तियों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर एवं अन्य प्रचार सामग्री हटायी जा रही है। सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही जिले के नगर निगम दुर्ग, नगर पालिका कुम्हारी, अहिवारा एवं अमलेश्वर, नगर पंचायत पाटन, उतई, धमधा तथा सभी जनपद अंतर्गत पंचायत क्षेत्रों में युद्धस्तर पर की जा रही है।

**20 जनवरी से आचार संहिता प्रभावी, हरकत में आया जिला प्रशासन**





### गणतंत्र दिवस के लिए गाइडलाइन जारी

आदर्श आचरण संहिता के चलते गणतंत्र दिवस मनाये जाने के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निम्नानुसार निर्देश जारी किये है। जिसमें राजनीतिक पदाधिकारियों अपने उद्बोधन में देश की स्वतंत्रता, भारत छत्तीसगढ़ राज्य की महिमा तक ही सीमित रहेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर शासन की प्रचलित योजनाओं का झांकियों के रूप में प्रदर्शन किया जा सकेगा। झांकियों में राजनैतिक प्रतिनिधियों के चित्र नहीं लगाये जा सकेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार की नई घोषणाएं नहीं की जा सकेंगी। इन कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार का राजनीतिक प्रचार-प्रसार ना हो। त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिनका कार्यकाल शेष है वे अपने पंचायतों एवं नगरीय निकायों के कार्यालय में ध्वजारोहण कर सकेंगे।

### मार्च में बोर्ड की परीक्षा, पढ़ाई प्रभावित

भले ही नगरीय ओर पंचायत चुनाव फरवरी माह में भी समाप्त हो जाएंगे। लेकिन आगामी एक मार्च से बोर्ड की परीक्षा आयोजित होने वाली है। ऐसे में चुनावी शोरगुल के बीच बच्चों की पढाई प्रभावित हो सकते है। मार्च में परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग तैयारियों में जूट गया हैं। इस बीच चुनाव में शिक्षको की ड्यूटी लगेगी। ऐसे में बोर्ड की परीक्षा बुरी तरह से प्रभावित होगी। आगामी दिनों से विभागीय कामकाज भी ढप होगे। विभागीय कार्यो के लिए अब लोगों को इंतजार करना पडेगा। सोमवार को आचार संहिता लगने के लिए अंतिम जनदर्शन आयोजित की गई थी, लेकिन अब आचार संहिता हटने के बाद समस्याएं सुनी जाएगी।

# बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने लगेंगे नए पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के विभिन्न वार्डों में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव ने पहल की है। नये बसाहट वाले क्षेत्र में लाइन विस्तार के नागरिकों की मांग को संज्ञान में लिए और दुर्ग शहर में 220 नये विद्युत पोल लगाने स्वीकृति दिलाये है।

- राज्य शासन से मिली स्वीकृति चुनाव के बाद होंगे कार्य

दुर्ग जिला मुख्यालय होने की वजह से जिलेभर से लोगों का देर रात आवागमन लगा रहता है। अभी तक पोल व लाईन विस्तार नहीं होने से विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण विद्युत पोल सह लाईन विस्तार किये जाने की मांग आई थी। विधायक श्री यादव ने इसे संज्ञान में लिए और उनके निर्देश पर विद्युत विभाग के इंजिनियरों द्वारा कालोनी एवं अन्य क्षेत्रों में स्थल निरीक्षण करते हुए पोल सह लाईन विस्तार कार्य किए जाने समुचित कार्यवाही किये।

### 1 करोड़ 34 लाख से 22 वार्ड में लगेंगे पोल

वार्ड 01 पंचशील नगर में 4 बिजली पोल, वार्ड 03 मठपारा गली 02 तालाब पार में 15 पोल, वार्ड 04 गया नगर मुक्तिधाम के पीछे 10 पोल, वार्ड 16 सिकोला बस्ती के विभिन्न स्थानों में 16 बिजली पोल, वार्ड 17 कादम्बरी नगर के गलियों में 35 बिजली पोल, वार्ड 22 स्टेशनपारा तितुरडिह में 10 पोल, वार्ड 23 कमला अपार्टमेंट के सामने गली में 6 पोल, वार्ड 28 पचरी पारा बांस पारा में 06 पोल, वार्ड 29 न्यु बस स्टैण्ड रोड शिव मंदिर के सामने 5 पोल, वार्ड 39 डिपरा पारा जुगनु सोनकर के घर के सामने 5 पोल, वार्ड 47 रायपुर नाका सिंधि धर्मशाला के पीछे 22, वार्ड 50 बोरसी भाठा बंशी विहार कॉलोनी, तालाब के पास एवं विभिन्न स्थानों में 36 पोल सहित बाईस वार्ड में पोल लगेंगे।

# जनदर्शन में कब्जा, मकान और रोजगार दिलाने 131 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 131 आवेदन प्राप्त हुए।

- शासकीय जमीन पर कब्जे की शिकायत

बोरसी निवासी कृषक ने सड़क से लगी कृषि भूमि से वर्षाजल निकासी की व्यवस्था के लिए आवेदन दिया। आजाद वार्ड गंज पारा निवासी ने विद्युत खम्भा को दुरूस्त कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि घर से लगा हुआ विद्युत खम्भा क्षतिग्रस्त होकर घर से चिपक गया है, जिससे कभी-कभी पूरे घरे में विद्युत का झटका लगता रहता है। घर



वालों तथा सड़क से आने जाने वाले कभी भी क्षतिग्रस्त खम्भे से विद्युत करेंट के कारण कोई भी अनहोनी दुर्घटना हो सकती है। इस पर कलेक्टर ने विद्यतु विभाग को तत्काल कार्यवाही करने को कहा। ग्राम लोहरसी के ग्रामवासियों ने बताया कि मुख्य मार्ग के किनारे जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कुछ अन्य लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर कॉलम हेतु गढ्ढ़ा खोदकर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है, जिससे गांव में अशांति का माहौल है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यकर्ताओं ने सुनी



दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 118 वा एपिसोड दुर्ग जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने दुर्ग शहर के बूथ क्रमांक 219 वार्ड नंबर 52 में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ श्रवण की इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, मंडल महामंत्री पोषण साहू उपस्थित रहे।

मन की बात श्रवण कार्यक्रम के पश्चात जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहां की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात में हमारी संस्कृति और विरासत जो हमें आसपास के पशु पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है और हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है बीते दो महीना में हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं इसमें से एक छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा मध्य प्रदेश में राता पानी टाइगर रिजर्व है श्री कौशिक ने आगे कहा कि यह हमारे लिए गर्व के विषय के हमारे प्रदेश में टाइगर के संरक्षण को लेकर उचित प्रयास किया जा रहे हैं।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों के मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि और लोक सेवक मिलकर व्यवस्था का संचालन करते है। जिसका मूल उदेश्य अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाऐ और योजनाओं का लाभ पहुचाना है। लोकतंत्र में जन प्रतिनिधि और लोकसेवक मिलकर सुशासन के साथ सही तरीके से चालते है आपके चेहरे पर जो संतुष्टि की झलक रही है। उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपके कार्यकाल में आपको जोक सेवकों से भपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। उक्ताश्य के विचार व्यक्त करते हुये बजरंग कुमार दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग कहा कि क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि जिल तरह से सक्रिय रहते हैं वही आने वाले समय में उनके जनाधार को प्रतिक होता है। जिला पंचायत के सभा कक्ष में मिलन व सम्मान समारोह के अवसर पर सीईओ ने सभी जिला पंचायत सदस्यों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये सभी को एक अच्छे कार्यकाल की समाप्ति की बधाई दी। जिला पंचायत की निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

- कार्यकाल समाप्त होने के पहले किया गया आयोजन



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा भुनेश्वर यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह में उन्होने का कहा कि प्रशासन एव जनप्रति को मिलकर ग्रामीण के गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास होना चाहिए वही जिला पंचायत दुर्ग सभी प्रशासनीय अधिकारकर्मचारियों द्वारा सहयोग मिला है। हम यहाँ पर जन सेवक है। हमरा कर्मव्य का पालन करते हुये हमाने आपने क्षेत्र को समस्या का समाधान किया गया हैं ग्रामीण क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनीयक अधिकारी/कर्मचारियों मिलकर गांव के सभी जन के विकास की रूपरेखा तैयार किया गया है।

**दुर्ग जिले के 29573 हितग्राही होंगे लाभान्वित**

# भूमिहीन को मिलेगी हर साल 10 हजार रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय भवन रायपुर से पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक कल्याण योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। योजनांतर्गत भूमिहीन कृषकों, बैगा-गुनिया को 10 हजार रूपए हर साल की आर्थिक सहायता मिलेगी। इस वर्चुअल शुभारंभ कार्यक्रम से प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

- राज्यशासन ने योजना का किया शुभारंभ

दुर्ग जिले में यह आयोजन जनपद सभा कक्षों में किया गया। जिला मुख्यालय दुर्ग स्थित जनपद सभाकक्ष में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू एवं जिला पंचायत सदस्य माया बेलचन्दन एवं अन्य अधिकारी और हितग्राही कृषक मौजूद थे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि, प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी की एक और गारंटी पूरी करने जा रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का आज शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषकों को सरकार 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने जा रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान चिकित्सा सुविधा योजना को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं से लाभान्वित होने आगे आने लोगों को आहवान किया। विधायक श्री चंद्राकर ने कार्यक्रम में मौजूद दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक कल्याण योजना के हितग्राहियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने योजना के हितग्राहियों को योजनांतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता राशि का सदुपयोग करने की समझाइश दी। जिला पंचायत के सीईओ श्री बी.के. दुबे ने योजना के संबंध में अवगत कराया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदाय करने के उद्देश्य से यह योजना राज्य सरकार द्वारा



### खुद के नाम पर नहीं होनी चाहिए जमीन

भूमिहीन परिवार से आशय ऐसा परिवार जिसके किसी भी सदस्य के पास अंश मात्र भी कृषि भूमि न हो। छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायत, नगर पंचायत क्षेत्र में भूमिहीन परिवार जिनका जीविको पार्जन का मुख्य स्त्रोत कृषि मजदूरी है, वनोपज संग्राहक भूमिहीन परिवार हो, पात्र होंगे। राज्य में वर्ष 2023-24 में पात्र हितग्राहियों की संख्या 5,62,112 थी।

### जिले में ढाई हजार से अधिक आवेदन

दुर्ग जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र अर्थात तीनों जनपद पंचायत क्षेत्र (धमधा, पाटन, दुर्ग) में कुल 27287 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 23203 आवेदन स्वीकृत हुए (प्रथम चरण वर्ष 2021) एवं वर्ष 2022 में द्वितीय चरण में तीनों दिवस खण्ड में कुल 8009 आवदेनों में से 6370 स्वीकृत हुए। इस प्रकार कुल 29573 आवेदन स्वीकृति हुए। पूर्व में पात्र समी हितग्राहियों को वर्ष में 7000 रूपए तीन किस्तों में प्राप्त हो रहा था, आज से राज्य शासन द्वारा 3000 की वृद्धि की गई है। अब कुल 10,000 रूपए प्राप्त होंगे।

# सीएम ने किया 9.72 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य आतिथ्य एवं उपमुख्यमंत्री, मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव की अध्यक्षता में आज राज्य स्तर पर दोपहर 12 बजे नगरीय विकास के सोपान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुकंपा नियुक्ति के पात्र हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए साथ ही वर्चुअल भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम भी हुआ। इस अवसर पर मंत्रीगण व विधायक मौजूद रहें। डाटा सेंटर में विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए। वर्चुअल कार्यक्रम में

- नगरीय विकास के सोपान वर्चुअल कार्यक्रम



मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 6 नगरीय निकायों में 270 करोड़ की जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास,155.38 करोड़ के 813 कार्यों का भूमि पूजन,15.85 करोड़ के 70 कार्यों का लोकार्पण, स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया गया। दुर्ग शहर के विकास कार्यो के लिए 9 करोड़ 72 लाख विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिसमे डीएमएफ के 2 कार्य, अधोसंरचना के 51 कार्य एवं विधायक निधि के 2 निर्माण कार्य शामिल है।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग राज का राज अधिवेशन ननकट्टी में 2 को

**सेलूद**। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज का उन्नासीस वां वार्षिक राज अधिवेशन ग्राम इकाई ननकट्टी की पावन धरा में 2 फरवरी को सम्पन्न होगा। जिसकी तैयारी लगभग पूर्णता की ओर है। कुर्मी समाज के इस अधिवेशन में कलश यात्रा, ध्वजारोहण, पदाधिकारियों का प्रतिवेदन, खुला मंच, प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया जायेगा। इस अधिवेशन के लिये पूरा कुर्मी समाज उत्साहित है। अधिवेशन में अध्यक्षता खोड़स राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष सहित अन्य विशिष्ट अतिथि गण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक राजप्रधान ईश्वरी वर्मा होंगे। उक्त कार्यक्रम में राजप्रधान की ओर से यह आमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए समस्त स्वजातियो से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

### नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



**अंडा**। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कार्यालय में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने पहुंचे। विधायक के साथ दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, उतई मंडल महामंत्री पुकेश चंद्रकार, युवा मोर्चा महामंत्री डिलेश गब्बर साहू, किसान मोर्चा सदस्य राजेश चंद्राकर, भाजपा कार्यकर्ता चन्दू देवांगन, उतई और ग्राम अंडा उपसरपंच अमित चंद्राकर एवं अनिल धीवर उपस्थित थे।

### चिंगरी में मंडई व चौसर पासा प्रतियोगिता कल

**अंडा**। ग्राम पंचायत चिंगरी में 22 जनवरी को मंडई मेला व चौसर पासा प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में 9 बजे राधा कृष्ण लोक कलाकार नाच पार्टी दुर्रे बंजारी जिला राजनंदगांव वालों की कार्यक्रम रखा गया है।

### माँ शाकम्भरी देवी पूजा महोत्सव आज

**भिलाई**। ग्राम कचान्दुर में आज कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा माँ शाकम्भरी देवी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सुबह कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसके बाद मां शाकम्भरी देवी की पूजा-आरती, दोपहर अतिथि आगमन व स्वागत समारोह एवं अतिथि उद्बोधन कार्यक्रम के बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अहिवारा राज महंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्गराज कोशरिया मरार पटेल समाज अध्यक्ष गया पटेल एवं पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग आदि उपस्थित रहेंगे।

### साढ़े 4 लाख की धोखाधड़ी सालभर बाद मामला दर्ज

**बालोद**। गुरूर ब्लाक के ग्राम सोरर के व्यक्ति से मोबाईल नंबर के माध्यम से शेयर मार्केट में पैसा लगाने का लालच देकर लगभग 4 लाख 44 हजार रूपये का धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना गुरूर के मुताबिक आशीष कुमार कुंभज निवासी सोरर ने 12 सितम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक बालोद से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। जांच उपरांत 17 जनवरी को मामले में अपराध कायम किया गया है। शिकायत में दिए गए मोबाईल नंबर के धारक रमन वर्मा द्वारा प्रार्थी को शेयर मार्केट में पैसा लगाने का लालच देकर उससे विभिन्न तिथियों में कुल 444000 रूपये जमा कराकर अपने मोबाईल एवं वाटसअप को बंद कर दिया गया। मोबाईल नंबर के धारक रमन वर्मा के विरूद्ध 17 जनवरी को धारा 66 एलसीजी, 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

## गुरेदा के देवेंद्र की मेहनत अन्य किसानों के लिए प्रेरणा साबित हो रही

# लॉकडाउन की बेरोजगारी से उबरने पत्नी ने दिया आइडिया, युवक कर रहा गुलाब की खेती

संजय कुमार साहू ▸▸| अंडा

**बालोद जिले को आज कर रहे रिप्रेजेंट**





छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक ऐसी खबर निकलकर सामने आ रही है जिसमें पत्नी के हौसले ने एक पति को ऊंची उड़ान उड़ने के लिए प्रेरित किया और बिना किसी नौकरी का सहारा लिए फूलों की खेती में हाथ आजमा कर परिवार आज सालाना लाखों रुपए कमाई कर रहे हैं। बालोद जिले के एक छोटे से गांव गुरेदा के देवेंद्र सिन्हा जो कि अपने जीवन में कई सारे काम कर चुके हैं लेकिन हद तो तब हो गई जब कोरोनावायरस के संक्रमण काल में उसकी नौकरी चली गई और बेरोजगारी का संकट आ गया। ऐसे में उसकी पत्नी दीप्ति सिन्हा ने उसे हौसला दिया उसकी पत्नी को गेंदे की खेती करने का थोड़ा बहुत अनुभव अपने पिता से मिला था फिर उसने अपने पति को फूलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद बीते दो वर्षों में यह परिवार अब फूलों की खेती कर लाखों रुपए का इनकम कर रहे हैं और अन्य किसानों के लिए यह प्रेरणा साबित हो रहे हैं। इनके बगिया के गुलाब से उड़ीसा के मंदिर भी महकने लगे हैं तो यह अब बड़े मंच पर बालोद जिले को उद्यानिकी के क्षेत्र में रिप्रेजेंट भी करने लगे हैं।

बालोद जिले के देवेंद्र सिन्हा और उनके पिता भुवनेश्वर सिन्हा एकमात्र ऐसे किसान हैं जिन्होंने फूलों की खेती में निरंतर मेहनत कर नाम और पैसा दोनों कमाया है। आज यह परिवार ग्राम गुरेदा में एक एकड़ की खेती में गुलाब की खेती कर रहे हैं और लगन से मेहनत कर इस काबिल बन चुके हैं कि खेती के लिए लिया गया लाखों रुपए का कर्ज अब यह चुका पाने में सक्षम हो गए हैं। देवेंद्र सिंह ने बताया कि कोरोनावायरस के संक्रमण काल में जब मेरी नौकरी गई तो मैं पूरी तरह टूट गया था फिर मेरी पत्नी ने मुझे सहारा दिया शादी के पहले उसके पिताजी जो गंदे की खेती करते थे उसका अनुभव मेरी पत्नी को था फिर उसने खेती का आईडिया लगाया मैंने गवर्नमेंट के वेबसाइट में शासकीय सहयोग के बारे में सर्च किया उसके बाद हमने खेती करना शुरू किया और आज हम एक अच्छे से खेती कर पा रहे हैं।

### चैलेंजिंग रहा मिट्टी को समझ पाना

उन्होंने बताया कि गुलाब की खेती के लिए काली मिट्टी उपयुक्त नहीं रहता इससे लाल मिट्टी की आवश्यकता होती है और मैं लाल मिट्टी का चयन तो किया परंतु मैं मुरम को इसके लिए इसे बेहतर समझा और यह पानी कम सूचित करता है जिससे पौधा सड़ता नहीं है तो मैं लाल मिट्टी की जगह इसका उपयोग किया और मुझे भी सफलता मिली पहले मैं डर रहा था कि लाल मिट्टी की व्यवस्था कहां से करूंगा फिर मैं इसे एक ऑप्शन के रूप में लिया और आज इसी ले गए मिट्टी की जगह मुरम से में गुलाब की खेती कर रहा हूं।

### पॉली हाउस सबसे महंगा

देवेंद्र ने बताया कि जब मैने खेती करना शुरू किया तो इसके लागत को लेकर मैं परेशान था केंद्र सरकार की योजनाओं का मैने सहारा लेना चाहा, गुलाब की खेती में सबसे महत्वपूर्व चीज है पॉली हाउस जिसका लागत 52 लाख के करीब है इसे मैं सब्सिडी में लोन लेकर लगवाया उसके बाद कम से कम 20 लख रुपए का लागत मैं स्वयं से लगाया। इस तरह 70 लख रुपए की लागत से मेरा फूलों का यह खेती शुरू हुआ और आशीष आज इस काबिल बन पाया हूं कि मैं अब अपना लोन अच्छे से चुका पा रहा हूं और मैं और मेरा पूरा परिवार इस खेती से काफी खुश है।

### 2 एकड़ में रजनीगंधा फसल हो रहा तैयार

फूलों के इस खेती और उसे हो रहे लाभ से लगातार प्रेरित होकर देवेंद्र सिन्हा और उनके परिवार अब और आगे बढ़ते हुए दो एकड़ की अपने खेतों को रजनीगंधा के फूलों के लिए चयनित किया है उनके द्वारा फसल की बुवाई कर ली गई है और 40 दिन फसल तैयार हो चुका है आने वाले कुछ दिनों में यह रजनीगंधा के पौधे तैयार हो जाएंगे फिर वह भी इनकम देना शुरू कर देंगे।

### ओडिशा जाता है फूल

देवेंद्र और उसकी पत्नी ने बताया कि हमारे खेतों की यह गुलाब उड़ीसा को भी महकती है उन्होंने पहले प्राथमिक बाजार के रूप में दुर्ग भिलाई को अपनाया था आज भी रोजाना उनका गुलाब बालोद से कट कर दुर्ग भिलाई के बाजारों में जाता है उसके बाद हाई डिमांड पर यह माल उड़ीसा भेजा जाता है उन्होंने बताया कि उड़ीसा डायरेक्ट भी हम भेज सकते हैं लेकिन जब पास में मंडी और बाजार हो तो हमें उड़ीसा भेजने की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन मेरे गुलाब के फूलों की मांग उड़ीसा में काफी ज्यादा है।

### सरकार से मिला सहयोग

सरकार से काफी मदद मिला है पहले तो लोन मिला उसके बाद 50% सब्सिडी मिली तब जाकर मैं संभाल पाया फूलों की खेती के लिए यह एक बेहतर बाजार उपलब्ध है और सरकार भी सहयोग कर रही है तो हमें पारंपरिक कृषि से अपने कुछ जमीन के हिस्सों में फूल इत्यादि की खेती भी करनी चाहिए ड्रिप सिंचाई से मैं सिंचाई करता हूं और पहले 65 डिसमिल से शुरू किया था आज एक एकड़ तक कर पा रहा हूं।

## अंचल की खबरें

### निकुम-रुदा सड़क से चोरी हो रहे डेलीनेटर्स



**निकुम**। पूर्व लोक निमार्ण विभागमंत्री व पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण ताम्रध्वज साहू ने गांव-गांव को नई पक्की सड़क बनाकर ब्लॉक, जिला से जोड़ने का सपना लेकर करोड़ों रुपये की सड़के अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़के बनाई है, लेकिन अब उन सड़कों पर चोरो की टेढ़ी नजर पड़ने से सड़क किनारे लगे ब्लैक एंड व्हाइट डेलीनेटरर्स बीते कई महीनों से चोरी हो रही है। जो दुर्घटना को रोकने सड़कों पर दुर्घटना जन्य क्षेत्र पर लगी है, लेकिन बीते महीनों से दिनदहाड़े लोहे एंगल डेलीनेटर्स को दिन में उखाड़कर देर शाम होते ही चोरी कर ले जाने से प्रशासन को नुकसान व रात में हादसा होने का भय बना रहता है। गौर हो निकुम से रुदा, निकुम से मासाभाट, अंडा से निकुम सड़क में बनी आमटी नाला के पास सीमेट पोल को भी चोरी करके ले गौर हो कि चिंगरी मोड़ के पास बनी लाखों रुपये की यात्री प्रतिक्षालय से स्टील कुर्सी चोरी हो गई। वहीं देर शाम होते ही प्रतिक्षालय 'शराबियों का अड्डा बन रहा है। वहीं लोक निर्माण विभाग भी बेखबर है, क्षेत्र में कबाड़ियों के बल्ले-बल्ले होने से मानो चांदी काट रहे हैं। वहीं मिली जानकारी के अनुसार अंडा थाना में किसी प्रकार की शिकायत नही हुई है। वहीं अंडा पुलिस क्षेत्र में बीट पाइंट लगातार गश्त अभियान कर रही है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की हुई तैयारी बैठक



**सेलूद**। दरबार मोख़ली मंडल का प्रथम बैठक रेस्ट हाउस दरबार मोखली में हुआ। जिसमें बैठक प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक , दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ, पूर्वमंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू एवं खेमलाल साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी की उपस्थिति में भारत माता, अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संपन्न हुआ। स्वागत भाषण मंडल के प्रथम मंडल अध्यक्ष ज्योति प्रकाश साहू ने दिया और अपने मंडल के नए पुराने कार्यकर्ताओं से परिचय भी हुआ और सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर मंडल को सर्वोच्च स्थान दिलाने की बात कही। बैठक प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बिना किसी मनमुटाव के आपसी समन्वय बनाकर पंच,सरपंच,जनपद और जिला पंचायत का चुनाव मिलकर लड़ने की दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए और चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार से आवेदन लेकर आपसी समन्वय बनाकर भारतीय जनता पार्टी के किसी भी उपयुक्त उम्मीदवार को टिकिट देकर चुनाव लड़ने की बात कही। और भारतीय जनता पार्टी की पंच ,सरपंच, जनपद और जिला पंचायत में परचम लहराने की बात कही। बैठक को जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू एवं खेमलाल साहू ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया ने किया। मंच संचालन पारखत साहू ने किया। इस दौरान शरद बघेल,पोशुराम निर्मलकर, मेहतर वर्मा, दानेश्वर वर्मा, महामंत्री हरिशंकर साहू, विनय चंद्राकर, डॉ.सुरेश साहू, आशीष बंछोर, संजय चंद्राकर, चंद्रिका साहू, अरुणा ठाकुर, संतोष घिरवानी, भास्कर वर्मा, पुष्कर साहू, राजू वर्मा,विनोद ठाकुर, मनहरण साहू,रामचंद वर्मा,रमेश बंछोर,खिलेश वर्मा,बाबा जांगड़े,भागवत सिन्हा ,चित्रसेन साहू आदि उपस्थित थे।

### बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु से की मुलाकात



**भिलाई**। दिल्ली में भारत की टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी और प्रेरणास्त्रोत, पीवी सिंधु से मुलाकात कर उन्हें शादी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की। उनकी बैडमिंटन के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियों ने न केवल देश का नाम रोशन किया है, बल्कि लाखों युवाओं को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया है। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान, मैंने अपनी संस्था भिलाई केन डू पर्वत फाउंडेशन के माध्यम से भिलाई के खिलाड़ियों को और बेहतर तरीके से समर्थन देने के उपायों पर चर्चा की। हमने खेलों में उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। साथ ही, पीवी सिंधु को भविष्य में भिलाई आने का आमंत्रण दिया, ताकि उनकी उपस्थिति से यहां के युवाओं को और अधिक प्रेरणा और ऊर्जा मिल सके। यह मुलाकात निश्चित रूप से खेल और खिलाड़ियों के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगी। भिलाई केन डू पर्वत फाउंडेशन खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सदैव तत्पर है और इस यात्रा में हम सबका साथ अनिवार्य है।

### विहिप का त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम

**भिलाई**। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विराट त्रिशूल दीक्षा का कार्यक्रम सिविक सेंटर भिलाई में 1500 बजरंगी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। त्रिशूल दीक्षा के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सद्भाव प्रमुख कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बजरंग दल के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया, बजरंग दल प्रांत पालक अधिकारी कृष्ण शुभम महाराज ने त्रिशूल क्यों आवश्यक है इसकी जानकारी दी,बजरंग दल प्रांत सह संयोजक शुभम नाग ने अपने विचार रखे जिला अध्यक्ष मनीष बूचासिया ने आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्य सोनी व शैलेन्द्र सोनी ने किया। कार्यक्रम में विभाग मंत्री अनिल गुर्जर ,विभाग संयोजक शैलेन्द्र सोनी, जिला अध्यक्ष मनीष बुचासिया, जिला मंत्री बबलू सिंह, जिला सह संयोजक पुष्पराज सिंह, भिलाई नगर अध्यक्ष रामकुमार राय, विनोद यादव आदि उपस्थित थे।




**बिजनेस साइट**

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**भिलाई**। उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में शनिवार को बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राध्यापक एवं शिक्षकगण ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गंगा मैय्या मंदिर जिला बालोद का शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम झलमला में गंगा मैय्या का दर्शन किये तत्पश्चात तांदुला बांध में बोटिंग का आनंद लिये। वहाँ से सियादेवी प्रस्थान कर सियादेवी माता के दर्शन किये, झरना का लुफ्त लिया। सभी छात्राध्यापकों एवं शिक्षकों ने प्रकृति के मनोहर दृश्यों का आनंद लिये। शैक्षणिक दृष्टिकोण से यह स्थान प्रकृति की अनुपम सुन्दरता एवं मानव कलाकृति से परिचित कराती है। शैक्षणिक भ्रमण व्यक्तित्व विकास की एक कड़ी है, जिसमें छात्र स्थलों के दृश्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर विषयवस्तु का वर्णन करने में सक्षम होते है। शैक्षणिक भ्रमण से सीखने के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान का विकास होता है। इसी उद्देश्यों को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने का अवसर प्रदान करता है। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण की सम्पूर्ण यात्रा को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सफल बनाया।

## विधायक ललित ने उमरपोटी, डुमरडीह व पुरई में करोड़ों रुपयों के नवीन विकास कार्यों दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उतई



■ भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरई, उमरपोटी, डूमरडीह में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समुदाय के लिए इंटरलॉकिंग सीमेंट ब्लॉक टाइल्स रोड कार्य 9.84 लाख रूपये, सार्वजनिक निषाद भवन के पास चबूतरा एवं टाइल्स कार्य 4.00 लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण वार्ड 02 कमलू किराना स्टोर से बरगद पेड़ तक 6.10 लाख रूपये सीसी रोड चंद्र नगर में 3.20 लाख, सीसी रोड निर्माण माखनलाल वासनिक घर से मनोज कामडे घर तक 5.20लाख लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण न्यू नेहरू नगर मेंन रोड मानस भवन से अजय कश्यप घर तक 7.80 लाख रूपये, कबीर सत्संग एवं जन कल्याण समिति सार्वजनिक भवन के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य 6.00 लाख लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण दिनेश कुमार सिंहा घर से भवेंद्र सिन्हा घर तक चंद्र नगर उमरपोटी 3.00 लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण सड़क नंबर 2 न्यू नेहरू नगर नहर किनारे से दयालू राम कुर्रे घर तक 7.10 लाख रूपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य यादव पारा 6.50 लाख लाख रूपये, सोलर हाई मास्क लाइट स्थापना कार्य 10.00 लाख लाख रूपये, वार्ड 10 एवं 11 सांस्कृतिक मंच निर्माण 9.71 लाख लाख रूपये, सार्वजनिक भवन निर्माण धीवर पारा 6.37 लाख रूपये, सार्वजनिक सांस्कृतिक कला मंच निर्माण कार्य वार्ड 20। लागत राशि 10.00 लाख रूपये, दुर्गा मंच निर्माण/ सीसी रोड दुर्गा मच से पीपल चबूतरा तक 10.25 लाख, सीसी रोड निर्माण मेंन रोड से डबरी तालाब तक 350 मी. 6.10 लाख, सीसी रोड निर्माण डामर रोड से भानु यादव घर तक आबादी पारा 4.00 लाख रूपये, सीसी रोड निर्माण भागवत ठाकुर घर से शीतल तालाब तक 6.00 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य मंटोरा साहू घर से सतीश ठाकुर घर तक 4.50 लाख रूपये, डोम सेड निर्माण कार्य सामुदायिक भवन में (घासीदास नगर ) 10.00 लाख रूपये, चेकर टाइल्स कार्य दुर्गा मंच के सामने 2.30 लाख रूपये का भूमिपूजन किया। विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए क्षेत्रवासियों को इन सुविधाओं के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य राकेश हिरवानी, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, बूथ अध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू, सरपंच परमिला रोशन साहू, सरपंच गोवर्धन बारले, सरपंच पोषण लाल साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत, जनभागीदारी अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा आदि उपस्थित थे।

### निकुम में मंडई आज

**अंडा/ निकुम**। सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण निकुम में भव्य मेला मंडई का आयोजन 21 जनवरी को किया गया है। जिसमें मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर मयारू भाई नाचा भाठागांव की मनमोहक प्रस्तुति रात्रि 9 बजे बजे होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख व पंच धर्मेंद्र साहू ने दी।

### आशीष ने क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिया भाग

अंडा। पीएम स्टेट प्रोजेक्ट और समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर के सहयोग से प्राथमिक शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने और छत्तीसगढ़ के तमाम शिक्षकों को इस कार्यक्रम में पार्टिसिपेंट करने के लिए आशीष गौतम राज्य कार्यक्रम समन्वयक पीएम छत्तीसगढ़ आभार व्यक्त किया। नकार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. एमएस संथानम डीन, इंटरनेशनल रिलेशंस एंड आउटरीच,अशीष गौतम पीएमश्री कोऑर्डिनेटर, विजय रंजन प्रोग्रामर, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़, प्रो. देवप्रिया चट्टोपाध्याय एसोसिएट डीन द्वारा किया गया।

### नाम परिवर्तन

मैं अलतमस खान उम्र 32 वर्ष पिता मुहम्मद अलाउद्दीन खान निवासी- गुरूघासीदास नगर, सेक्टर 11, जोन 2, खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 26.12.2024 को श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल, जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. में हुआ है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन क्र. B20252290711000268, Date 14-01-2025 है, जिसमें मेरे पुत्र का नाम मुहम्मद अजलान खान MUHAMMAD AZLAN KHAN दर्ज है।
3. यह कि मैंने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर उसका नाम मुहम्मद अहद खान MUHAMMAD AHAD KHAN कर लिया है, इस हेतु मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम दुरूस्त कर परिवर्तित नाम मुहम्मद अहद खान MUHAMMAD AHAD KHAN दर्ज कराना चाहता हूं।
4. यह कि मेरे द्वारा दी गई उक्त जानकारी सही एंव सत्य है असत्य पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष उक्त जानकारी के समर्थन में प्रस्तुत करता हूं। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
अलतमस खान

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- कोहका
तहसील व जिला- दुर्ग

### सीमांकन सूचना

दिनांकः - 10/01/2025

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक / आवेदिका श्रीमती प्रणीत सांखला पिता श्री प्रकाश चंद सांखला निवासी महावीर कालोनी - दुर्ग द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2035/2/4 रकबा 0.3000 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 23/01/2025 को समय से बजे के बीच में सीमांकन किया जाना हैं। जिस किसी हितबद्व पक्षकारो/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्वर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- कोहका
तहसील व जिला- दुर्ग

### सीमांकन सूचना

दिनांकः- 10/01/2025

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक श्री प्रकाश चंद सांखला पिता श्री स्व. प्रेमराज जी सांखला निवासी महावीर कालोनी दुर्ग द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2035/1/3, 2035/2/2 रकबा 0.2200, 0.1290 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 23/01/2025 को समय से बजे के बीच में सीमांकन किया जाना हैं । जिस किसी हितबद्व पक्षकारो/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी ।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अनुभव को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भिलाई।** दुर्ग के प्रतिभाशाली युवक अनुभव तिवारी (बीई सिविल) ने शहर और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। अनुभव ने भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा भारत गणराज्य की यात्रा भूत,



भविष्य और वर्तमान विषय पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। पुरस्कार स्वरुप उन्हें 25 हजार रुपए और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया था। मंत्रालय द्वारा जारी 248 प्रतिभागियों के मेरिट लिस्ट में अनुभव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उनकी उपलब्धी के लिए रक्षा मंत्रालय ने उन्हें सम्मान स्वरुप पुरस्कार के लिए 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष रुप से आमंत्रित किया है। अनुभव के पिता अजय कुमार तिवारी जनपद पंचायत दुर्ग के वरिष्ठ कर्मचारी हैं। उनके दोनों पुत्र अनुभव व अभिनव (सीए) प्रतिभावान हैं।

### एफएसएनएल में राजभाषा कार्यशाला



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा मिनी ऑडिटोरियम में राजभाषा कार्यशाला हुई। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डां. संध्या मदनमोहन मुख्य आतिथ्य और एसकेपोलु, उप–महाप्रबंधक प्रभाकर सिंह ठाकुर, उप महाप्रबंधक बीपीअनंत, उप–महाप्रबंधक विशेष आतिथि थे। डॉ. संध्या मदन मोहन ने कहा कि भाषा देश की अस्मिता की द्योतक होती है। भाषा अपने आप में महान और जीवंत होती है, यह किसी के आश्रय पर नहीं टिकी होती। प्रभाकर सिंह ठाकुर ने कहा कि ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है बनावटी (कृत्रिम) तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता। एसकेपोलू ने कहा कि–तकनीकी क्षेत्र में हिंदी का इस्तेमाल, विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हिंदी के विकास के तहत किया जाता है। पी.अनंत ने कहा कि– हिंदी एक समृद्ध भाषिक, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक परंपरा की वाहिनी है। खुशबू पाठक ने प्रबंधन और हिंदी पर श्री छगन लाल नागवंशी ने राजभाषा संवैधानिक प्रावधानों पर विचार रखें।

# सेक्टर 6 ई मार्केट के बेजा कब्जों पर चला बुलडोजर, सड़क हुई चौड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप के ई मार्केट रोड में अतिक्रमण और अवैध रूप से किए जा रहे व्यवसाय पर नियत्रंण के लिए सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र प्रवर्तन विभाग द्वारा प्रशासन व पुलिस बल की उपस्थिति में बेजा कब्जा हटाने की बड़ी कार्रवाई की। तोड़ दस्ते द्वारा यहा फास्ट फूड सेंटरों के खोमचानुमा दुकानों, गुमटियों,फल ठेलों दुकानों और मछली मार्केट के बांस बल्ली के पसरों को भी हटाया गया। सड़क के चौड़ी हो जाने से व्यापारियों व क्षेत्रवासियों को राहत मिली है। व्यवसायियों ने आगे भी कब्जा न हो, इसके लिए सजगता बरतने की बात कही। संपदा न्यायालय के आदेश पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की उपस्थिति में सेक्टर 6 ई मार्केट भिलाई के कब्जाधारियों पर बेदखली कार्रवाई की गई। मार्केट के सामने के गुजरने वाले सड़क पर ई–मार्केट के आस–पास अनेक अवैध गुमटियां स्थापित हो गयी थी। योजनाबध्द ढंग से किए गए इन अतिक्रमणों से न केवल यातायात प्रभावित होता था बल्कि ई–मार्केट" में आने वाले लोगों के पास पार्किंग की कोई जगह नही बची थी। इसी मार्ग पर बीएसपी का निःशुल्क चिकित्सालय और एमजीएम स्कूल होने से स्कूली बच्चों सहित स्कूल बस का आवागमन बाधित हो रहा था। इ समस्याओं के निदान के लिए प्रवर्तन अनुभाग बीएसपी द्वारा कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की मौजूदगी में बेदखली कार्यवाही की गई। कब्जाधारियों को आधे घंटे की मोहलत देकर 30 से अधिक ऐसे कब्जाधारी जिन्होंने अपना स्ट्रक्चर नही हटाया, उसे जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। कब्जे की पुनरावृत्ति रोकने कब्जा धारियों द्वारा पाटे गए कच्ची नाली को पुनः खुदाई कर बनाया गया।

## बीएसपी प्रवर्तन टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सड़क से हटाए अतिक्रमण



### अवैध कब्जे का चल रहा संगठित व्यापार

अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द किए जा रहे कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों द्वारा बेदखली कार्यवाही का विरोध करते हुए कार्यवाही को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास करते हुए प्रवर्तन अनुभाग के कार्मिकों सहित कार्यपालक मजिस्ट्रेट के साथ विवाद किया गया। प्रवर्तन अधिकारियों व पुलिस ने समझाइश देते हुए जनहित में कार्रवाई जारी रखी। टाउनशिप में मार्केट एवं प्रमुख मार्गो के किनारे अवैध गुमटी पर व्यापार के लिए जगह मुहैया कराने का व्यवसाय संगठित व्यापार के रूप में किया जा रहा है। अपने व्यवसाय को संरक्षित करने किसी राजनैतिक दल से संबंधित होने का हवाला देकर प्रशासन के अधिकारियों पर बेजा दबाव बनाने का लगातार प्रयास किया जाता है।कार्रवाई के दौरान क प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस के अतिरिक्त जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित कार्यपालक मजिस्ट्रेट वासुमित्र दीवान, थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा, यातायात निरीक्षक केबी नागे सहित पुलिस बल मौजूद था। विभागीय संसाधनों में जेसीबी, टेक्ट्रर ट्राली, जीप, मालवाहक और सौ लोगों की टीम आदि लावलश्कर शामिल थे।

## भिलाई, रिसाली और जामुल निकाय क्षेत्र में करोड़ों का भूमिपूजन व शुभारंभ

# निकाय और पंचायत चुनाव के पूर्व सीएम ने खोला योजनाओं का पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऐन नगर निगम और पंचायत चुनाव की घोषणा के पूर्व राज्य सरकार ने भिलाई दुर्ग के विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दी है। सोमवार को मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने आनलाइन कल्याणकारी योजनाओं के लिए भूमिपूजन किया। सीएम ने नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 483 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व शुभारंभ किया। वार्डों के 84 विकास कार्यों के साथ दीन दयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का भी शुभारंभ किया। इसी तरह नगर निगम रिसाली के लिए भी करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की योजनाओं का भूमिपूजना व शुभारंभ किया। जामुल पालिका में 156 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया गया। वहीं रिसाली नगर निगम क्षेत्र में 6 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव रायपुर से लाईव प्रसारण वर्चुवल माध्यम से एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल द्वारा स्थानीय रूप से 16 कार्यो का लोकापर्ण किया। इसकी लागत 483.32 लाख है। इसी प्रकार 84 ऐसे विकास कार्य जिनकी वार्डो में आवश्यकता थी, का भी भूमि पूजन किया गया। इसकी लागत 2976.75 लाख है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- विकास में आएगी तेजी



इसके साथ ही नगर निगम भिलाई में स्वच्छता के लिए घर-घर जाकर लोगो को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करने वाली स्वच्छता दीदीयों का सम्मान एवं दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री द्वारा किया गया। इसमें से नगर निगम के 12 स्वच्छता दीदी शामिल रही। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों के वेतन में 800 रूपये की बढ़होतरी की गई है। पूर्व में उन्हे 7200 मिल रहा था अब 8000 मिलेगा। इससे उनका जीवन स्तर और बेहतर होगा। नगर निगम भिलाई में स्वच्छता दीदीयो द्वारा एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कचरे को अलग-अलग करके जो विक्रय करने लायक है उसे बेच दिया जाता है एवं गीले कचरे से खाद बनाया जाता है। उसकी राशि भी उन्ही समूह की महिलाओ में बांट दिया जाता है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनके पास खूद का कृषि भूमि नहीं है। उन्हे शासन द्वारा प्रतिवर्ष 10 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान करके योजना का शुभारंभ किया गया। भूमि पूजन एवं लोकापर्ण का कार्यक्रम मे भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, अध्यक्ष सामान्य प्रशासन विभाग संदीप निरंकारी, एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद पीयूष मिश्रा, श्रीमती चंदेश्वरी बांधे, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा, मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### रिसाली में 6 करोड़ 16 लाख का भूमिपूजन

आचार संहिता लगने के कुछ घंटा पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भूमि पूजन और सम्मान समारोह में शामिल हुए। रायपुर में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने सभागार में स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री ने वर्चुवल रूप से स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्य के लिए विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर शासन ने 6 करोड़ 16 लाख 99 हजार रुपए स्वीकृत किया है। जामुल पालिका में 156 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और जल प्रदाय योजना का शुभारंभ किया गया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि सभी स्वीकृत 50 कार्य अधो संरचना के है। प्रदेश स्तर पर हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साहू ने वर्चुअल कार्यक्रम में भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में अतिथियों को सुनने स्क्रीन लगाया गया था। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, पार्षद विलास बोरकर, विधि यादव, माया यादव, रमा साहू, ममता सिन्हा, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू व राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।



### जामुल नगर पालिका में दी 156 करोड़ की सौगात

सीएम ने वर्चुअल नगर पालिका जामुल के लिए भी करोड़ों के विकास का भूमिपूजन किया। नगरीय विकास सोपन कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री केदार कश्यप ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र होने वाले विकास कार्य राशि 156 करोड़ के 813 विकास कार्य का भूमि पूजन एवं जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया गया। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया और प्रदेश भर के नगर में



स्वच्छता में विशेष योगदान देने वाले स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया गया। नगर प्रशासन जामुल द्वारा आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम सभागार में मुख्य रूप से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी, पार्षदगण दीपक गुप्ता, रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी हरीश साहू सहित आशा जंघेल, रामू देवांगन, मोहन वर्मा, मेघनाथ सोनी, चुम्मन यादव, नरेन्द्र यादव, वेदांत वर्मा, अशोक पटेल, देवकुमार वर्मा, नरेन्द्र मढ़रिया, राजकुमार सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क पार कर मेडिकल जा रही वृद्ध महिला को डम्पर ने ठोका, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सड़क पार कर दवा लेने जा रही वृद्ध महिला को डम्पर चालक ने चपेट में लिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर आसपास के लोग सड़क पर पहुंचे गए और चक्काजाम की स्थिति निर्मित कर दी। सूचना पर छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क को जाम लगाकर खड़े लोगों को समझाया। पुलिस ने डम्पर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर वाहन को जब्त किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि समोवार की दोपहर खजूर पारा कैंप-2 निवासी 65 वर्षीय लक्ष्मी देवी नंदिनी रोड परा कर मेडिकल स्टोर्स में दवा लेने जा रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक डम्पर सीजी 7 बीएल 5942 के चालक ने पीछे से ठोकर मार दी। घटना में वृद्ध महिला सड़क पर गिर गई। वृद्ध महिला के शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तुरंत वृद्ध के शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया है। वृद्ध प्रतिदिन सड़क पार कर दवा लेने मेड़िकल जाया करती थी। लोगों ने बताया कि लगनी देवी अपनी पोती के साथ रोजाना इसी समय अपने घर से सड़क पार कर दूसरी तरफ जाती थी।



■ पुलिस की समझाइश के बाद माहौल शांत

### घर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

दुर्ग सिटी कोटवाली पुलिस ने बताया कि एक्टिवा सीजी 7एजे 0413 में सवार होकर वार्ड 35 बांधा तालाब दुर्ग निवासी ओम सेन अपने दोस्त राजेन्द्र कुमार वर्मा के साथ घर लौट रहा था। इस दौरान नदी रोड नया पारा दुर्ग के पास स्कूटी स्लीप होकर सड़क पर गिर गई। स्कूटी को राजेन्द्र वर्मा चला रहा था पीछे ओमसेन सवार था। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी। उपचार के लिए दोनों को जिला अस्पताल दुर्ग में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। ओमसेन की चोट गंभीर होने पर उसे शंकराचार्य अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान ओमसेन की मौत हो गई। स्कूटी चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 281,125,106 बीएनएस के तहत जुर्म दज कर जांच में लिया। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना रेखराम खेलवार शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी से पुलिस को मिली।





Departure Ex- Kathmandu
08 मई, 07 जून, 06 जुलाई, 25 जुलाई, 23 सितंबर 2025 (12 रात 13 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
कैलाश मानसरोवर यात्रा
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- 1 लाख 75 हजार प्रति श्रद्धालु
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


# पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फायनेंस शाख प्रबंधक और ब्रांच कलेक्शन मैनेजर ने 12.70 लाख की ठगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पीएनबी हाउसिंग फायनेंस शाखा प्रबंधक और ब्रांच कलेक्शन प्रबंधक समेत अन्य ने मिलकर जमीन के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी, 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मकान 433 मिलन चौक न्यू खुर्सीपार निवासी निधि ओबेराय ने शिकायत किया है कि पीएनबी हाउसिंग प्राईवेट लिमीटेड की शाखा प्रबंधक महेन्द्र वल्लुरी और ब्रांच कलेक्शन मैनेजर विजय ठाकुर समेत अन्य ने मिलकर वर्ष 2020 में फायनेंस से जमीन की नीलामी किया गया था। जमीन खसरा 6420 पुराना खसरा नंबर 332/2 पहन.14/19 शांति नगर कालोनी वार्ड 11 कोहका की जमीन को ई-ऑक्शन से लिया था। उक्त भूखण्ड को पीड़िता के द्वारा ई निलामी में 12 लाख 70 हजार 500 रूपये यूको बैंक के माध्यम से भुगतान कर जमीन लिया था। 5 अक्टूबर 2020 को उक्त हाउसिंग द्वारा भूखण्ड का सेल्स विक्रय प्रमाण पत्र पीड़िता को दिया था। भूखण्ड का विधिवत सीमांकन 16 अक्टूबर 2023 को ब्रांच कलेक्शन प्रबंधक विजय ठाकुर के द्वारा राजस्व निरीक्षक से कराया। लेकिन भूमि खसरा नंबर 6420/2 का मौका मिलान नही होने का झांसा देकर प्लाट को अपना बताया गया। खसरा नंबर 6148 शासकीय भूमि रास्ता के भाग मे आने का उसमें लेख किया हैं। पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ने पीड़िता को दी। पीड़िता को रकम वापस न कर उसके साथ छल, कपटपूर्वक धोखाधडी की गई।

■ वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# धान से लदे ट्रक से जा टकराई पिकअप, दो की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही धान से लदी ट्रेक ने पिकअप वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में 17 महिला पुरुष घायल है। वहीं दो लोग गंभीर है। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंती पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया है। एसडीओपी संजय पुंढीर ने बताया कि बोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धनिया के पास धान से भरी ट्रक तेज रफ्तार से आ रही थी। इस दौरान गराम गोटा की ओर से पिकअप सीजी 04-4037 के चालक ने लापारवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक में ठोक दिया। हादसे में मौके पर एक महिला और पुरुष की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रुप से घायल है। अन्य लोगों को मामूली चोटे आई है। पिकअप वाहन चालक शराब के नशे में था। हादसे इसी कारण हुआ है। घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर बोरी और लिटिया पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। घायलों को गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लुिए ले जाया गया। जहां गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन से लोग गोटा महाराज को छोड़कर अपने अपने घर लौटते समय हादसा हुआ है। हादसा इतना जोरदार था कि पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में चारों ओर हल्ला मच गया था।

■ वाहन में 17 लोग सवार थे

## समझौता के बाद बीएसपी ने शुरु किया कार्य

# ऐतिहासिक शिवमंदिर देवबलौदा के जीर्णोद्धार के लिए मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी को संस्कृति मंत्रालय द्वारा देवबलौदा के प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के प्रयास के लिए सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को संस्कृति गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और महाप्रबंधक शिवराजन नायर ने ग्रहण किया। न्यू महाराष्ट्र सदन दिल्ली में आयोजित समारोह में सीएसआर परियोजना 'हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार' के लिए यह सम्मान दिया गया। 10 अक्टूबर 2024 को देवबलोदा के शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए ईडी पवन कुमार द्वारा भूमिपूजन भी किया गया था।



छत्तीसगढ़ का देवबलोदा एक ऐतिहासिक स्थल है, जो भगवान शिव के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। अब एक नई पहचान प्राप्त कर रहा है। इसके विकास के लिए 21 दिसंबर 2022 को दिल्ली में बीएसपी के साथ राष्ट्रीय सांस्कृतिक कोष (एनसीएफ) और पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग, भारत शासन के साथ समझौता हस्ताक्षरित हुआ था। हस्ताक्षर तत्कालीन सेल निदेशक केके सिंह की उपस्थिति में बीएसपी के सीजीएम ने एनसीएफ के सेक्रेटरी अरविंद कुमार और पुरातात्विक विभाग की एडीजी जान्वही शर्मा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत पुरातात्विक धरोहर देवबलोदा, चरोदा के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए बीएसपी ने देवबलोदा के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा देवबलौदा मंदिर के संरक्षण और विकास के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। मंदिर परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की अन्य विकास गतिविधियों जैसे पार्किंग क्षेत्र, क्लक रूम, पीने के पानी की व्यवस्था जैसी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाना है। शिव मंदिर के खंभों और बाहरी हिस्से की मरम्मत भी की गई है, ताकि इसका ऐतिहासिक महत्व बरकरार रहे।

### कलचुरी कालीन है शिवमंदिर

यह ऐतिहासिक मंदिर, जो कलचुरी कालीन है, 13वीं शताब्दी में निर्मित हुआ था और इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। यहां स्थित शिवलिंग को लेकर मान्यता है कि यह स्वयं भूगर्भ से उत्पन्न हुआ था। मंदिर के चारों ओर देवी–देवताओं की अद्भुत कारीगरी की गई है, जो 12वीं–13वीं शताब्दी के समय की सांस्–तिक छवि को दर्शाती है। नवरंग मंडप नागर शैली में बना देवबलौदा का प्राचीन शिव मंदिर अपने आप में खास है। राजधानी और दुर्ग के बीच भिलाई–तीन चरोदा रेललाइन के किनारे बसे देवबलौदा गांव का यह ऐतिहासिक मंदिर कई ऐतिहासिक तथ्यों को साथ लिए हुए है। महाशिवरात्रि के दिन यहां विशाल मेला भी लगता है। इस मेले को देवबलौदा का मेला भी कहा जाता है।इस संरक्षित स्मारक और मंदिर परिसर को मरम्मत की आवश्यकता थी। सेल अपने सीएसआर कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सहायता करने की योजना बनाई।


आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
हरिभूमि कार्यालय
आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई, मो. 8370049468

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 21 जनवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04

शादी में पहनने के लिए...

## लाइव इवेंट

### स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति और समता साहित्य ज्ञान रत्न से सम्मानित हुए हरीश



**भिलाई।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तर पर धमतरी में शहीद गैंदसिह नायक शहादत दिवस पर प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन में दुर्ग के पाटन ब्लॉक ग्राम उरला निवासी हरीश साहू को सम्मानित किया गया। जीआर बंजारे की अनुशंसा से शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए व साहित्यिक वैचारिक अनुष्ठान में प्रेरणा व क्रांतिकारी साहित्यिक-वैचारिक अवदान के लिए अवार्ड 2025 की मानद उपाधि प्रदान की गई। इस राज्य अलंकरण को अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व अपर कलेक्टर जीआर राणा के हाथों से प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री हेमचंद मांझी(वैदराज नारायणपुर), राष्ट्रपति से सम्मानित डॉ. गोकुल बंजारे, साहित्यकार डॉ. भागेश्वर पात्र (नारायणपुर), बॉलीवुड फिल्म निर्माता-निर्देशक प्यारेलाल साहू ( झारखंड से), प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे, संरक्षक सुशीला वाल्मिकी, सचिव प्रेम साइमन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### लायंस क्लब चला रहा मेडिसिन बैंक, जरुरतमंदों को बांटे कंबल, स्टेशनरी का भी वितरण



**भिलाई।** लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा रीजन चेयरपर्सन राजेश चौरसिया की आधिकारिक यात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न सेवा कार्य किए। सुबह साढ़े 9 बजे से गुरुद्वारा नेहरू नगर में अतिथियों के स्वागत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गुरुद्वारे में लायंस क्लब भिलाई पिनाकल द्वारा चलाये जा रहे मेडिसिन बैंक में आरसी द्वारा मेडिसिन प्रदान की गई। साथ ही जरुरतमंदो को कंबल बांटा गया। एवं व्हील चेयर भी प्रदान की गई। इसके बाद बाल मंदिर सक्ती नगर में अतिथियों द्वारा स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किये गए। शंकरा कॉलेज में आरसी द्वारा लियो क्लब ने रेडियम पट्टी का वितरण किया। हस्तकला प्रदर्शनी का उदघाटन किया गया।तत्पश्चात बी ओ डी मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। सामान्य सभा में अध्यक्ष उर्मिला टावरी ने स्वागत भाषण दिया। सचिव ला.रश्मि गेडाम ने सचिवीय प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष ने बजट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद पिनाकल हेल्थ केअर सेंटर मॉडल टाउन में क्लब द्वारा चलाये जा रहे प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र में आरसी राजेश चौरसिया ने स्टेशनरी का वितरण किया। परमानेंट प्रोजेक्ट में आटा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शालिनी सोनी ने किया। ध्वज वंदना उषा चक्रवर्ती ने, आरसी का जीवन परिचय प्रिया रस्तोगी एवं धन्यवाद निधी कुमार ने दिया। कार्यक्रम में पास्ट प्रेसीडेंट विभा भूटानी, संध्या अग्रवाल, नमृता चाने, डॉ. वैशाली भगत, मीरा शर्मा, रेविका बेदी, अंजना विनायक, शोभा जम्बुलकर, शोभा डोगरा, हेमा दानी, ज्योति अग्रवाल, शुभ्रता नागपाल, अर्चना झा आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने दी नारी शक्ति और देशभक्ति गानों में प्रस्तुति, मिला सम्मान



**भिलाई।** श्री किड्स स्कूल भिलाई 3 का वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई-चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे थे। विशेष रूप से आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत, फिरोज फारूकी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना नित्य से की गई। बच्चों ने नारी शक्ति एवं देश भक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। शाला की प्राचार्या लक्ष्मी कुमारी ने भी कार्यक्रम में दादा, दादी एवं पालकों का सम्मान किया और हमारे जीवन में परिवार के महत्व को समझाया।

### श्री राम पर लिखा गाना ट्रेंड में

**भिलाई।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई। इसी अवसर पर छत्तीसगढ़ की कला के प्रति समर्पित संस्था आर्टकॉम के संचालक, कलाकार निशु पाण्डेय ने कार सेवकों, राम भक्तों एवं देश की उन्नति के लिए लिखा पहला गीत-गाना इन दिन सोशल मीडिया में ट्रेंड कर रहा है। निशु पांडेय ने इसका निर्देशन किया है। संपूर्ण देश में कौशल्या माता की नगरी छत्तीसगढ़ का नाम इन दिनों चर्चा में है। राम राम आह्वान गीत को भी प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन एक वर्ष हो जाएगा। इस गीत को प्रख्यात गायक निवास ने लयबद्ध कर अपनी आवाज दी है। साथ ही कोरस में प्रीति निशु पाण्डेय, सुमन जोशी, हेमावती साहू प्रदीप वर्मा, राजीव राव, साउंड इंजीनियर संजीव नंदा थे। बॉलीवुड के शेखर यादव, सांसद विजय बघेल, मनोज जोशी, अर्णव पाण्डेय, नंदा पाण्डेय, अमिताभ भट्टाचार्य ने सहयोग किया है।

● तालपुरी में छाया खेलों का जुनून, सीनियर ग्रुप के लिए दौड़ और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# बुजुर्गों ने लगाई दौड़, विजय और प्रभा ने मारी बाजी, क्रिकेट में न्यायाधीशों ने बहाया पसीना, फाइनल में भिड़ेंगी डहलिया और पारिजात की टीमें

श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के बैनर तालपुरी बी ब्लॉक में 100 मीटर रेस और क्रिकेट का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले प्रतिभागी खास रहे, जिन्होंने दौड़ और क्रिकेट में अपना पसीना बहाया। ऑर्किड मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में साठ वर्ष और उससे ज्यादा उम्र के पुरुषों और महिलाओं ने पूरे जोशोखरोश के साथ हिस्सा लिया। इससे पहले जिले के तीन न्यायाधीशों सुनीता टोप्पो, दीपक कुमार कोशले, प्रशांत पराशर, प्रशिक्षु न्यायाधीश ईशामी अवधिया, मुस्कान शर्मा, एंगल वेमिका तिग्गा, रुचिका महेश्वरी, वैशाली बघेल, राजनांदगांव के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, फाउंडेशन के संस्थापक अरुण श्रीवास्तव, एसोसिएशन अध्यक्ष कुबेर देशमुख और पूर्व अध्यक्ष यमलेश देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद थे।



**भिलाई।** आयोजित प्रतियोगिताओं में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खिलाड़ियों को सीनियर सिटीजन ग्रुप, एडल्ट ग्रुप, यूथ ग्रुप, टीनेजर ग्रुप, सीनियर चिल्ड्रन ग्रुप, जूनियर चिल्ड्रन ग्रुप एवं टोडलर्स ग्रुप में बांटा गया था। इधर क्रिकेट मैच में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। सीनियर ग्रुप में ऑर्किड, पारिजात, मोगरा एवं डहलिया प्रकार के मकानों की टीमों , जबकि जूनियर ग्रुप में जूही, डैजी, तालपुरी तथा बी ब्लॉक की टीमों ने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी का जौहर दिखाया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिए गए। वहीं प्रतियोगिता में शामिल अन्य खिलाड़ियों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्रिकेट के क्वालीफाइंग मैच में सीनियर ग्रुप में डहलिया टीम ने 4 विकेट के रहते 67 रनों के लक्ष्य को हासिल करते हुए ऑर्किड टीम को शिकस्त दी, जबकि पारिजात ने 130 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया, जिसका पीछा करते हुए मोगरा ने अपने सारे विकेट खोकर केवल 57 रन ही बनाए। दोनों ही मैच एकतरफा रहे। मोगरा और ऑर्किड की टीमें तीसरे स्थान के लिए अपना दमखम दिखाएंगी। दूसरी ओर जूनियर ग्रुप में डैजी और बी ब्लॉक के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बी ब्लॉक को एंपायरों ने डिसक्वालीफाइड घोषित कर दिया। बी ब्लॉक के अयोग्य घोषित होने से डैजी को फाइनल का टिकट मिल गया। इसी ग्रुप के एक अन्य मैच में जूही ने 65 रन बनाए, जिसके जवाब में तालपुरी ने 8 विकेटों के नुकसान पर आसानी से जीत दर्ज की। संभवतः 26जनवरी को फाइनल मुकाबला होगा।

### रोमांचकारी दौड़ में आगे निकलने मची होड़

सबसे ज्यादा रोमांच 100 दौड़ में देखने को मिला। सीनियर सिटीजन पुरुष में प्रथम विजय तातेड़े, द्वितीय महेश विश्वकर्मा, तृतीय टी सहदेव महिला ग्रुप मे प्रथम प्रभा जैन, द्वितीय गेंदा, तृतीय उमा अग्रवाल रहीं। पुरुष एडल्ट ग्रुप में प्रथम गजानन अवचट, द्वितीय असीम सिंह, तृतीय प्रदीप वर्मा, जबकि महिला ग्रुप में प्रथम वर्षा गढ़ेवाल, द्वितीय सुशीला, तृतीय वीणा प्रसाद रहीं। पुरुष यूथ ग्रुप में प्रथम अमित जैन, द्वितीय दीपक साहू, तृतीय कमल पात्रे, महिला ग्रुप में प्रथम वंदना साहू, द्वितीय जी हेमावती, तृतीय ज्योत्सना। पुरुष टीनेजर ग्रुप में प्रथम नागेश्वर डामरे, द्वितीय मौलिक वाहने, तृतीय सम्यक बोरकर, महिला ग्रुप में प्रथम प्रतिभा देवांगन, द्वितीय माधुरी, तृतीय उषा साहू। बालक सीनियर ग्रुप में प्रथम आयुष पचौदी, द्वितीय आयुष, तृतीय अनिकेत सोनी, बालिका ग्रुप में प्रथम निशिता, द्वितीय अक्षिता, तृतीय समृद्धि।





### बालक जूनियर ग्रुप में हर्ष रहे प्रथम, दूसरे स्थान पर करण

बालक जूनियर ग्रुप में प्रथम हर्ष, द्वितीय करण कुमार, तृतीय विनय कश्यप, बालिका में प्रथम नेहा, द्वितीय जी हर्षिता, तृतीय रीत। बालक टोडलर्स ग्रुप में प्रथम अभिज्ञान त्रिपाठी, द्वितीय प्रसून साहू, तृतीय अर्जुन ठाकुर, बालिका में प्रथम आरची गढ़ेवाल, द्वितीय माधवी त्रिपाठी, तृतीय ख्वाहिश। सात वर्ष से कम उम्र के बच्चों में प्रथम भव्या साहू, द्वितीय उत्कृष्ट साहू और तृतीय स्थान पर धीवम ने कब्जा जमाया।



## यंग इंडियंस ने किया रणनीतिक रोडमैप को परिभाषित

**दुर्ग।** यंग इंडियंस (वाईआई) दुर्ग चैप्टर ने अपने पाथफाइंडर इवेंट की मेजबानी की। इसमें हितधारकों, सदस्यों और सलाहकारों को आगामी 12 महीनों के लिए एक स्पष्ट रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने एक स्थान पर एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रतीक शुक्ला, अनुजा भंडारी और साकेत रूंगटा पूर्व अध्यक्ष, वाईआई दुर्ग ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि पाथफाइंडर ने एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य किया है। वर्टिकल लीड ने अपनी 100 दिवसीय कार्ययोजनाएं प्रस्तुत की। इससे सदस्यों को आने वाले महीनों के लिए प्रमुख पहल, परियोजनाओं और लक्ष्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सहयोग और संरक्षण पर जोर दिया गया। यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सदस्य अध्याय की प्रभावशाली पहलों में योगदान देने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

कार्यक्रम में अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि पाथफाइंडर सिर्फ एक बैठक नहीं है, यह दृष्टि और रणनीति का अभिसरण है। यह हमें अपने प्रयासों को संरेखित करने और सार्थक



योगदान देने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करने में सक्षम बनाता है। साथ मिलकर हम अवसरों और प्रभाव से भरे भविष्य को आकार दे रहे हैं।

सह-अध्यक्ष अभिषेक सुराना द्वारा नेशनल और चैप्टर कैलेंडर का अनावरण किया गया। वाईआई स्पोर्ट्स लीग नीलामी दिन की सबसे प्रतीक्षित गतिविधियों में से एक थी। चार टीमे सहेली वारियर्स, रूंगटा पैंथर्स, एवी सुपर किंग्स और यूटोपिया अपराइजर्स ने एक रोमांचक नीलामी में भाग लिया। जहां 75 से अधिक सदस्यों की नीलामी की गई। गौरव अग्रवाल, अभिषेक सुराना और सूरज सोनी नीलामी में शीर्ष तीन खिलाड़ी बनकर उभरे। 60 से अधिक सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## एक शाम साहित्य के नाम में काव्य पाठ, गीत-गजल की भी प्रस्तुति

**भिलाई।** एक शाम साहित्य के नाम कार्यक्रम का आयोजन भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी कैलाश बारमेचा, वरिष्ठ साहित्यकार उजियार सिंह पवार मौजूद थे। उनके अलावा कार्यक्रम में नरेंद्र सिक्केवाल, रौनक जमाल, प्रदीप भट्टाचार्य विशेष रूप से शामिल हुए। प्रथम सत्र में सभी अतिथि साहित्यकार और श्रोताओं का सम्मान किया गया। कवि, कवित्रीयों ने अपनी रचनाओं गीत-गजल की प्रस्तुति दी। काव्य पाठ दर्शक दीर्घा के समक्ष किए। बृजेश मलिक, नौशाद सिद्दीकी, ऋणाली चक्रवर्ती, बलजीत कौर, कृष लालवानी, दशरथ भुवाल, ओमवीर करण, रितु कमल मिश्रा, प्रदीप, माला सिंह सहित अन्य साहित्यकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। संयोजन डॉ. एके सिंह, डॉ. बीना सिंह रागी का रहा।



आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 में ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का किया गया आयोजन

## संत का जीवन हवा की तरह सबके परोपकार के लिए आर्य समाज का उद्देश्य लोगों का उपकार करना : चंद्रशेखर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में वार्षिक उत्सव पर ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ के ब्रह्मा अंतर्राष्ट्रीय वेद कथाकार आचार्य ंदशेखर शास्त्री ने कहा कि संत, सड़क, सरिता, सूर्य एक हीं सबके हैं। संतों का जीवन सबके परोपकार के लिए है। संत किसी एक देश या संस्था के नहीं होते। संतों जीवन परोपकार के लिए होता है। आप अपने जीवन को जब सच से जुड़ेंगे तो आप सबके हो जाएंगे। स्वामी दयानंद ने आर्य समाज का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए लिखा कि इस समाज का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना है। उपकार करने वाले किसी से जोड़ नहीं सकते। हवा जैसे सबके लिए है वैसे संत का जीवन सबके लिए। हवन यज्ञ का उपदेश सबके लिए है। जब हम यज्ञ करते हैं तो दीवार नहीं होती। आपने किसी भी यज्ञशाला में दीवार को नहीं देखी होगी। यज्ञ विराट होना सिखाता है, सबका होना सिखाता है। यह किसी संसार का कल्याण होता है। दोस्त और दुश्मन सब का भला होता है, जो ईश्वर के बन जाते हैं, उनका कोई दुश्मन नहीं होता। क्योंकि वेद का उपदेश है कि ईश्वर सब जगह है। हमारा ही धर्म उपदेश देता है कि यह मेरा है यह तेरा है करने वाले का दिल छोटा होता है। उदार हृदय वाले होते हैं उनके लिए सारा संसार एक कुटुंब होता है। हम कुटुंब के लिए प्रार्थना करते हैं संसार की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। आपकी संतान धन की वारिस बनती है। मैं सभी संतानों से कहना चाहता हूं कि जवाब धन की बारिश बनते हैं तो धर्म के भी वारिस बनिए। माता-पिता की मृत्यु के बाद उनके द्वारा पढ़ी जाने वाली गीता को भी लोग मंदिर में देखकर आ जाते हैं।



### विधि-विधान से संपन्न कराया गया अनुष्ठान

कार्यक्रम में 250 लोगों ने 2100 आहुति पूर्ण की। कन्या गुरुकुल आम सेना की ब्रह्मचारिणी कन्याओं ने वेद मंत्रों का पाठ किया। आचार्य अंकित शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। शांति पाठ और ऋषि



लंगर के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सारे अनुष्ठान विधि-विधान सं संपन्न कराए गए। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधक शामिल हुईं। वेत मंत्रों के पाठ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया। बता दे कि इस प्रकार के आयोजन लगातार किए जा रहे हैं।

### जिसका आचरण पवित्र अनुकरण कर सकते हैं वहीं आचार्य

आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वेद सत्य विधाओं का पुस्तक है। आचार्य का अर्थ है जिसका आचरण पवित्र है जिसका अनुकरण कर सकते हैं वही आचार्य हैं। दुनिया में इंजीनियरिंग मेडिकल को सिखाने वाले शिक्षक बहुत मिलेंगे। जीवन कैसे जीना चाहिए यह बताने वाले लोग कम मिलेंगे। आर्य शब्द का अर्थ है श्रेष्ठ। जिसका व्यवहार और विचार श्रेष्ठ है वही आर्य कहा सकता है। हम सबको आर्य बनने की कोशिश करनी चाहिए। आर्य जगत के मूर्धन्य सन्यासी स्वामी धर्मानंद सरस्वती ने उपदेश देते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने धर्म की शिक्षा दी थी। अंधविश्वास और प्रखंड को छोड़कर के हमें आर्य समाज की शरण में आना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरसा राम यादव ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद का अर्थ है स्वदेशी स्वामी दयानंद का अर्थ है वेद स्वामी दयानंद का अर्थ है यज्ञ। स्वामी दयानंद ने जात-पात को मिटाकर धर्म को मजबूत करने की कोशिश की थी।

## सिटी इवेंट

# विश्व आहार विज्ञान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में विश्व आहार विज्ञान दिवस के अवसर पर पोषण आहार की महत्ता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पोषण आहार के महत्व एवं प्रोटीन एनर्जी मालन्यूट्रिशन जैसी गंभीर पोषण समस्या से अवगत कराना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पोषण आहार को मनुष्य के सर्वांगीण विकास में महत्व एवं पोषण आहार की कमी से होने वाले विकार और बिमारियों जैसे क्वाशियोरकर, मैरासमस आदि पर अपने-अपने विचार को प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग की विभागाध्यक्ष सपना पांडे ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रोटीन एनर्जी मालन्यूट्रिशन एक गंभीर समस्या है जो कि अल्प पोषण एवं प्रोटीन की कमी से 1 से 3 साल के बच्चों में देखी जाती है। यह एक राष्ट्रीय स्तर की गंभीर समस्या है। जिसमें बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास रुक जाता है और विभिन्न प्रकार के पोषण संबंधी विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

■ बताया पोषण आहार का महत्व

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पोषण आहार के महत्व एवं प्रोटीन एनर्जी मालन्यूट्रिशन जैसी गंभीर पोषण समस्या से अवगत कराना था। इस प्रतियोगिता में विजेता चंदा जैन, डिप्लोमा न्यूट्रिशन व डायबीटिक्स द्वितीय सेमेस्टर रहीं। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. श्वेता एन, पूजा चैरसिया, सूरज जंघेल, प्रियंका सिन्हा, लीलम चंद्राकर, गरिमा बंछोर, वी. सुषमा सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

● छत्तीसगढ़ रेड्डी समाज का सेक्टर-1 अम्बेडकर पार्क में हुआ आयोजन

# सामाजिक पत्रिका का हुआ विमोचन, बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति, गेम्स में मारी बाजी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रेड्डी समाज का सामाजिक पत्रिका का विमोचन एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन सेक्टर-1 अम्बेडकर पार्क भिलाई में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान को सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और महिलाओं व बच्चों के लिए मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किये गए थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ रेड्डी समाज के प्रदेश अध्यक्ष डी. कामराजू रेड्डी, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव धर्मेंद्र यादव, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, उपसभापति नगर निगम भिलाई डी. सुजाता रेड्डी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर की गई। समाज के प्रदेश अध्यक्ष डी. कामराजू रेड्डी और पदाधिकारियों ने समाज के नये सदस्यता ग्रहण किये सदस्यो को तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सदस्यो तथा समाज के मेरिट लिस्ट में आये मेधावी छात्र-छात्राओं, खेलकूद व अन्य गतिविधियो में समाज का गौरव बढ़ाने वाले सभी आयु वर्ग के लोगो का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं और बच्चों द्वारा शानदार नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।





### दक्षिण भारतीय परंपरा को एक सूत्र में बांधे रखना सराहनीयः पूर्व सीएम भूपेश



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आयोजन के लिए समाज के सभी पदाधिकारियो को साधूवाद देते हुए कहा कि सामाजिक एकता से प्रदेश का विकास व उन्नति संभव है। रेड्डी समाज हमेशा से भिलाई में सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास करते रहा है, भिलाई में दक्षिण भारतीय समाज अपना अलग गौरवशाली परंपरा का निर्वाहन करते रहे है। सामाजिक रूप से सभी तेलगू भाषाई वर्गो को एक सूत्र में बांध के रखने का प्रयास निःसंदेह सराहनीय है। मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि छ.ग. रेड्डी समाज जिस सक्रियता से सामाजिक राजनैतिक क्षेत्र में अग्रणी होकर कार्य कर रही है दूसरे समाज को भी इससे सिख लेनी चाहिये। समाज के पदाधिकारीयो ने एकता के साथ अपनी पहचान भिलाई व प्रदेश स्तर पर कायम की है। धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि शासन स्तर पर भी दक्षिण भारतीय समाज को महत्व मिले, इसकी समाज के लोगो ने मांग की है। मैं इसे शासन स्तर पहुंचाने का प्रयास करूंगा। समाज के कार्यक्रम को उपस्थित अन्य प्रमुख लोगो ने भी सम्बोधित किया और समाजिक कार्यो की सराहना की।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में समाज के उपाध्यक्ष के. विश्वनाथ रेड्डी, पी. कृष्णा रेड्डी, महासचिव ई. लोकेश रेड्डी, पी.जिनाथ रेड्डी, कोषाध्यक्ष एम. केशव रेड्डी, वेंकट रेड्डी, यू माधव रेड्डी, टी. चलपति रेड्डी, सहसचिव एम. अप्पा राव रेड्डी, एस. नरसिम्हलु रेड्डी, के. नारायण रेड्डी, के. माधव रेड्डी, मुख्य सलाहकार जी. सारथी रेड्डी, के. कृष्णा रेड्डी, कार्यकारणी सदस्यगण बी. चन्द्रशेखर रेड्डी, एस. कामेश रेड्डी, एस. राजेश्वर रेड्डी, जी. लक्ष्मण नायडू रेड्डी, एस. नारायण रेड्डी, जी. नारायण रेड्डी, यू लोकेश रेड्डी, जी. कोरमा रेड्डी, जी. सोमेश्वर रेड्डी, टी. श्रीनीवास रेड्डी, एल. बालाराजू रेड्डी, एन. रामा राव रेड्डी एवं महिला समिति से डी. सुजाता सहित अन्य महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

# वार्षिकोत्सव में बच्चों का दिखा उत्साह 50 से ज्यादा कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**भिलाई।** धमधा ब्लाक के बोरी हायर सेकंडरी स्कूल के अन्तर्गत शा. हाईस्कूल सिलतरा में विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री पवन शर्मा, विशिष्ट अतिथि एबीओ खेलूराम वर्मा और सेजस बोरी प्राचार्य अरविंद भारद्धाज थे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पीएम आत्मानंद स्कूल बोरी अध्यक्ष अरविंद पटेल, शाला विकास समिति सिलतरा अध्यक्ष बावनबीर यदु, विधायक प्रतिनिधि पितोश वर्मा, दुर्गेश लोधी, दौलत निर्मलकर, पोषण साहू, अवध साहू थे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पारंपरिक नृत्य करमा, सुवा, लोकगीत आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। लगभग 50 से ज्यादा कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 8वीं, 9वीं व हाईस्कूल और खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान सहित इको क्लब के छात्रों का सम्मान मोमेंटो, प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि से मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय का प्रतिवेदन हाईस्कूल के प्राचार्य हेमन्त शर्मा ने प्रस्तुत कर हाईस्कूल बिल्डिग व शिक्षकों की कमी से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम देखने ग्रामवासियों द्वारा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समस्त स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र साहू प्रधानपाठक व हेमंत वर्मा द्वारा किया गया।

■ हाईस्कूल सिलतरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

### दो वर्गों में हुई प्रतियोगिता, बने विजेता

# पेंटिंग और रंगोली बनाकर बच्चों ने दिया यातायात सुरक्षा का संदेश



**भिलाई।** सड़क सुरक्षा माह के दौरान सड़क सुरक्षा को रेखांकित करते हुए स्कूली बच्चो के लिये पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शहीद पार्क सेक्टर 5 में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 20 स्कूलों के 148 बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता को 2 वर्गों में बांटा गया। पहला वर्ग कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं तक और दूसरा वर्ग कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक रखा गया था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट 3 प्रतिभागियों को यातायात दुर्ग पुलिस द्वारा समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विंध्यराज के नेतृत्व में आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा की गंभीरता और चुनौतियों के बारे में जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों द्वारा यातायात जागरूकता विषय पर विभिन्न प्रकार के पेंटिंग और रंगोली बनाये गये थे।







## आयोजन

# कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज की आम सभा में बच्चों को मिला पुरस्कार



**भिलाई।** श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भिलाई घटक की सामान्य सभा आनंद विहार में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर गणेश वंदना से हुई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन और भूमिदान दाता रतिलाल, बाबू चौहान, डॉक्टर विनोद हरिलाल चौहान प्रमुख रुप से उपस्थित थे। इस दौरान समाज के मंत्री व महिला मंडल द्वारा उद्बोधन और कोषाध्यक्ष ने पिछले वर्ष के हिसाब किताब की जानकारी दी। समाज प्रमुख राजेश चौहान, गोविंद चौहान ने अपने उद्बोधन में समाज को एक होकर आगे बढ़ने की बाते कही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सरस्वती पुरस्कार और विशिष्ट पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समाज के सदस्यों के लिये विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजक गेम्स भी रखे गये थे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों और हरिओम चौहान ने अपनी-अपनी जिम्मेंदारियों का बखूबी निर्वहन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस दौरान समाज के सभी आयु वर्ग के सदस्य उपस्थित रहे।



## धर्म इवेंट

# भागवत कथा में गजेंद्र मोक्ष और प्रहलाद चरित्र की कथा बताई



**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में चल रहे भागवत कथा में स्व. कमलेश्वरी चन्द्राकर और स्व. पुष्पालता चन्द्राकर की पुण्यतिथि में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय महाराज दुर्गा मंदिर नगपुरा जिला दुर्ग के महाराज ने गजेंद्र मोक्ष और प्रहलाद चरित्र की कथा बताई। उन्होंने कहा कि गजेंद्र मोक्ष और अजामिल की कथा से हमें जीवन का महत्वपूर्ण सबक मिलता है। अजामिल की कथा बताते उन्होंने कहा कि एक सच्चा और ईश्वर की भक्ति में लीन व्यक्ति भी गलत संगत में पड़कर निकृष्ट और अधम हो जाता है। वह अपने जीवन के मूल उद्देश्य को भूलकर काम-क्रोध-मद-लोभ में पड़कर भोग और विलास से ग्रसित हो जाता है। जरूरी है कि हम हमेशा इस बात को लेकर चौकन्ने रहें कि हमारी संगती कैसी है। क्या हम अनजाने में ही पापकर्म में लिप्त हो रहे हैं। इसके लिए हमें बीच-बीच में सत्संग की जरूरत होती है। आज अपने दैनिक जीवन में हम ऐसे उलझे हैं कि पता ही नहीं चलता और जाने अनजाने हमसे पाप होते रहते हैं। आचार्य ने यह भी बताया कि अपने जीवन के अंतकाल में अजामिल ने अपने पुत्र नारायण को आवाज लगाई लेकिन यह आवाज भक्तवत्सल भगवान ने भी सुनी और अजामिल को यमदूत की प्रताड़ना से मुक्त किया। आचार्य ने बताया कि सुख और दुख जीवन का हिस्सा है। इस धरती पर जन्मे किसी भी जीव का जीवन सिर्फ सुखमय नहीं हो सकता और न ही पूर्णतः दुखमय। मानव स्वभाव है कि हम केवल दुख में अपने भगवान को याद करते हैं।

### बीएचयू के लोग आज पूरे देश में उच्च पदों पर आसीनः राजीव प्रकाश

# बीएचयू के एलुमनी मीट में वर्षों बाद मिलकर झूम उठे दोस्त, गेम खेलकर पुरानी यादें की ताजा

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) एल्युमनी, भिलाई चैप्टर ने अपने विश्वविद्यालय के दिनों को याद करने एलुमनी मीट का आयोजन केएच मेमोरियल स्कूल परिसर में किया गया। कई सालों बाद समारोह में पहुंचे दोस्त एक दूसरे से मिलकर खुशी से झूम उठे। इस दौरान भिलाई, दुर्ग, रायपुर सहित आसपास के शहरों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और सभी ने खूब इन्जॉय किया। अंताक्षरी और हाउजी के साथ कई गेम्स खेले, कपल कैटवॉक किया, सवाल जवाब हुए, लोगों ने गीत गाए, नृत्य किया और अपने खट्टे-मीठे अनुभव सुनाए।



### बीएचयू में पढ़ने के दौरान अपने अनुभवों को किया साझा


कार्यक्रम की शुरुआत में बीएचयू के संस्थापक पं मदन मोहन मालवीय के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर आईआईटी डायरेक्टर राजीव प्रकाश, बीएचयू के वरिष्ठ सदस्य व बीईसी के सीएमडी अरविंद जैन, बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दास गुप्ता, केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन के के झा, प्रिंसिपल विभा झा, डीपीएस प्राचार्य प्रशांत वशिष्ठ, रेणु वशिष्ठ, खैरागढ़ एसपी त्रिलोक बंसल, श्वेता बंसल, राजीव वर्मा रिटायर्ड जीएम सेट, संजय कुमार जीएम बीएसपी, केपीएस डायरेक्टर आशुतोष प्रियंका त्रिपाठी, पी एन सिंह, अखिलेश नारायण सिंह, सुभाष अग्रवाल, भरत लाल पूर्व सीजीएम बीएसपी, विशाल शुक्ला, ओपी भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रश्नावली से हुई। कई लोगों ने बीएचयू में पढ़ने के दौरान अपने अनुभव भी साझा किये। बीएसपी डायरेक्टर इंचार्ज श्री दासगुप्ता ने अपना अनुभव बताते हुए कॉलेज में खेली गई होली और शिवरात्रि की मधुर यादें ताजा की। राजीव प्रकाश ने अगले वर्ष बीएचयू एल्यूमिनी समारोह आईआईटी भिलाई में करने की बात कही। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन श्री झा ने कहा कि कार्यक्रम में पुराने साथियों ने जिस तरह बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है वह इस बात को इंगित करता है कि बीएचयू एक परिवार है।

### किया कपल कैटवॉक

इस दौरान कपल कैटवॉक, फिल्मी गीत, शायरी और डांस भी हुए। जजों ने सभी का परफॉर्मेंस देखा और अपना रिजल्ट भी दिया। कैटवॉक में प्रथम निश्चय झा और सृष्टि झा, द्वितीय त्रिलोक बंसल एवं श्वेता बंसल तथा तृतीय संजय शर्मा एवं रितु शर्मा विजेता रहे। अंताक्षरी और हाउजी गेम खेला गया, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्रा दिशा पांडे ने एक आकर्षक नित्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह में आए बच्चों के लिए "कैच द बॉटल" गेम खेला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रद्यम शर्मा को मिला। अतिथियों के मनोरंजन के लिए जेएमसी लाइव बैंड ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी। बैंड की गायिका गौतमी चक्रवर्ती ने पुरानी फिल्मों के सदाबहार गीत गा कर सभी का दिल जीत लिया।

वास्तु शास्त्र


# बेडरूम में कभी भी न रखें ये चीजें, वरना जीवनभर झेलनी पड़ सकती है परेशानियां



वास्तु शास्त्र हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। वास्तु शास्त्र में कई ऐसी चीजें बताई गयी है, जो व्यक्ति के जीवन को संवारने का काम करती है। उन्हीं में शामिल है, बेडरूम से जुड़े कुछ नियम, जिन्हें फॉलो करने पर जीवन में अवसाद नहीं आता है। वास्तु शास्त्र में कुछ चीजें ऐसी बताई गई है, जिन्हें बेडरूम में भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। यदि हम ऐसा करते है तो गहरे अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। चलिए जानते है-

## वास्तु अनुसार बेडरूम में नहीं रखने वाली चीजें

- वास्तु शास्त्र के मुताबिक, मृत व्यक्ति की फोटो बेडरूम में भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा खींची चली आती है और परिवार के सदस्यों की मानसिक स्थिति बिगड़ने लगती है। आपको ये तस्वीरें घर के मंदिर, बरामदे अथवा डाइनिंग हॉल में लगा देनी चाहिए।



- धारदार चीजों को भी कभी अपने बेडरूम में नहीं रखना चाहिए। इस तरह के चीजें नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है, जो घर-परिवार में क्लेश का कारण बनती है। इस तरह की चीजों को रसोई घर में अथवा अन्य बंद स्थानों पर रखें, जिससे पॉजिटिव एनर्जी बनी रह सके।

- वास्तु शास्त्र के मुताबिक, धार्मिक किताबों को बेडरूम में भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। इसकी वजह है कि, यहां पर रति क्रिया भी होती है, जो धार्मिक पुस्तकों का अपमान है। आप चाहे तो इन पुस्तकों को घर के मंदिर में रखें।

-देवी-देवताओं की मूर्तियों को बेडरूम में रखना अशुभ माना गया है। यदि ऐसा करते है तो परिवार के सदस्य्य मानसिक तनाव से ग्रसित हो सकते है।

- बेडरूम में झाड़ू भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। झाड़ू को मां लक्ष्मी के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसलिए झाड़ू को घर के प्रमुख स्थानों से बाहर ऐसी जगह पर रखना चाहिए, जहां स्वछता हो। बेडरूम में झाड़ू रखने से आर्थिक तंगी और बीमारियां जन्म लेती है।

ज्योतिष शास्त्र

# कुंभ राशि में शनि-शुक्र युति से इन राशियों पर होगी धनवर्षा



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब दो ग्रह एक साथ एक राशि में पहुंच जाते हैं तो ग्रहों की युति होती है। इस युति के प्रभाव से संपूर्ण राशिचक्र प्रभावित होता है, जिससे जातकों के जीवन में भी कुछ न कुछ बदलाव देखने को मिलते है। इसी कड़ी में अब शनि और शुक्र जैसे शक्तिशाली ग्रह कुंभ राशि में प्रवेश कर चुके है। दोनों ग्रहों की युति से 3 राशियों के जातकों की परेशानी कम होने लगेंगी। चलिए जानते है उनके बारे में-

## युति का राशियों पर प्रभाव

- मकर राशि के जातकों के जीवन में शनि-शुक्र युति का शुभ प्रभाव देखने को मिलेगा। इन जातकों की आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। साथ ही कारोबार में आमदनी बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। प्रमोशन भी संभव है।

- तुला राशि के जातकों के लिए शनि-शुक्र की युति कई लाभ देने वाली है। इन जातकों का यदि कोई प्रेम संबंध चल रहा है, तो वह विवाह में तब्दील होगा। राजनीती में कार्यरत लोगों को बड़ा पद मिल सकता है। कारोबार में विस्तार और कला से जुड़े क्षेत्र में शोहरत प्राप्ति की प्रबल संभावना है।

- मेष राशि के जातकों के लिए शनि-शुक्र का एक साथ आना लाभप्रद रहेगा। इन जातकों के जीवन में चल रही रुपये-पैसे की तंगी दूर होगी। साथ ही कारोबार में आकस्मिक धनलाभ से मन प्रसन्न और सकारात्मक रहेगा।

इसे खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बचा जा सकता है बीमारियों से

# सर्दियों में सभी को खाना चाहिए कच्ची हल्दी का अचार, जानिए इसकी आसान रेसिपी

अचार भारतीय खान-पान का अहम हिस्सा है, जिसका नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। हालांकि, हर दिन आम, लहसुन और नींबू का अचार खाना मन को उबा देता है। अगर आप कोई नए तरीके का अचार बनाकर खाना चाहते हैं तो एक बार कच्ची हल्दी का अचार आजमाकर देखें। सर्दियों के दौरान इसे खाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बीमारियों से बचा जा सकता है। आइए इस व्यंजन की आसान रेसिपी जानते हैं। कच्ची हल्दी का अचार बनाना आसान होता है और यह झटपट बनकर तैयार हो जाता है। हालांकि, इसे कुछ दिनों तक धूप में सुखाना जरूरी होता है।



## कच्ची हल्दी का अचार तैयार करने जरूरी सामग्रियां

इसे बनाने के लिए आपको 1 कप या 250 ग्राम कच्ची हल्दी, 2 बड़े चम्मच सरसों का तेल, नमक, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच मेथी दाना, एक चम्मच सरसों के दाने, एक अदरक, एक चम्मच हींग और आधा कप नींबू का रस चाहिए होगा।



## कच्ची हल्दी का अचार खाने के फायदे

कच्ची हल्दी में कारकियुमिन नामक यौगिक पाया जाता है, जो दिल के स्वास्थ्य को दुरुस्त करता है और कैंसर के इलाज में मदद करता है। इस अचार में एंटी फंगल, एंटी ओक्सिडेंट और एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जिसके कारण यह संक्रमण को रोकने में योगदार देता है। अगर आप रोजाना इसे भोजन के साथ खाते हैं तो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सकती है और त्वचा संबंधी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं।

### स्टेप 1

**हल्दी को धो कर कर लें कद्दूकस**

कच्ची हल्दी का अचार तैयार करने के लिए सबसे पहले हल्दी और अदरक को छील लें। अब हल्दी को धूप में रखकर तब तक सुखाएं, जब तक इसका पानी पूरी तरह से सूख न जाए। सूखने के बाद हल्दी को कद्दूकस कर लें और अचार बनाने की शुरुआत करें। एक कढ़ाई में सरसों का तेल डालें और उसे अच्छी तरह गर्म होने दें। इसमें हींग, मेथी, अदरक, सरसों के दाने, लाल मिर्च पाउडर और स्वादानुसार नमक डालकर भून लें।

### स्टेप 2

**मसाला मिलाने से तैयार होगा आपका अचार**

सभी मसालों के भुन जाने के बाद इस तेल को कद्दूकस की हुई हल्दी पर डाल दें। हालांकि, ध्यान रहे कि तेल हल्का ठंडा हो चुका हो।इसे हाथों की मदद से अच्छी तरह मिलाएं और इसमें नींबू का रस भी शामिल कर दें। अब इस अचार को 3 से 4 दिनों तक धूप में रख दें, ताकि यह सूख जाए और लंबे समय तक खाने लायक रहे। इसे कांच की बरनी में भरें और खाने के साथ परोसें।



# क्या आप अपने घर में सुरक्षित हैं? इन टिप्स के जरिए घुसपैठियों को रखें दूर

अभी हाल ही में 15 जनवरी की रात को बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला हुआ। घुसपैठिया पैसे चुराने की फिराक में उनके घर के अंदर घुसा था। हालांकि, अभिनेता अब खतरे से बाहर हैं और फिलहाल उनकी हालत में सुधार हो रहा है। इस घटना के बाद से एक सवालिया निशान खड़ा होता है कि क्या हम सब अपने-अपने घरों में सुरक्षित हैं? आइए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और घुसपैठियों से बचने के टिप्स जानते हैं।

खिड़की-दरवाजों पर लगवाएं अच्छी गुणवत्ता वाले ताले

घर की सुरक्षा बढ़ाने और घुसपैठियों व चोरों को दूर रखने के लिए आपको सबसे पहले मजबूत खिड़की और दरवाजे लगवाने चाहिए इसके अलावा, सभी खिड़कियों और दरवाजों में अच्छी गुणवत्ता वाले ताले लगवाएं। ऐसा करने से उन्हें तोड़ना मुश्किल हो जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप घुसपैठिये आपके घर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। रोजाना रात को सोने से पहले घर में मौजूद सभी खिड़कियों और दरवाजों को बंद करें और हो सके तो डबल लॉक का इस्तेमाल करें।

## घर में लगवाएं सीसीटीवी कैमरे :



आज के समय में केवल दफ्तरों में ही नहीं, बल्कि घरों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाना जरूरी हो गया है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आपको अपने घर के प्रवेश द्वार, ड्राइंग रूम, बालकनी और बगीचे आदि में कैमरे लगाने चाहिए। साथ ही, अगर आपके बच्चे अलग कमरों में सोते हैं, तो उनमें भी कैमरे लगवाएं। अपने मोबाइल फोन को इनसे कनेक्ट करें और समय-समय पर सभी कैमरों की फुटेज देखते रहें।

**लॉकर में रखें कीमती वस्तुएं :** कई लोग अपने सोने के जेवर और पैसे अलमारी में रख देते हैं, जिन्हें चोर आसानी से ढूंढ सकते हैं। अपनी कीमती वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए एक अच्छी गुणवत्ता वाले लॉकर में निवेश करें। सभी गहनों और पैसों को इसी लॉकर में रखें और इसकी चाबी किसी ऐसी जगह पर छुपाएं, जिसकी जानकारी केवल आपको हो। इसके अलावा, आप कीमती वस्तुओं को अलग-अलग लॉकर में भी रख सकते हैं।

## स्पीड डायल पर रखें पुलिस का नंबर

अगर आपके घर में कोई घुसपैठिया प्रवेश करता है, तो घबराएं बिना तुरंत स्पीड डायल की सुविधा का लाभ उठाएं। हर मोबाइल में यह सुविधा उपलब्ध होती है, जिसके जरिए आप बिना नंबर मिलाए अपने करीबियों को कॉल कर सकते हैं। अपने स्पीड डायल में पुलिस का नंबर सबसे ऊपर रखें, ताकि कोई भी अनहोनी होने पर उन्हें तुरंत सूचित किया जा सके। इसके अलावा, कुछ ऐप के जरिए आप पुलिस को अपनी लाइव लोकेशन भी भेज सकते हैं।

## प्रवेश द्वार का रखें रोशन

घर का प्रवेश द्वार हमेशा अच्छी तरह रोशन होना चाहिए। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि घुसपैठियों के लिए अंधेरे में वारदातों को अंजाम देना आसान हो जाता है। अपने प्रवेश द्वार पर नाईट लैंप लगवाएं और उन्हें रातभर जलने दें। इसके अलावा, आप मुख्य दरवाजे के पास नाइट विजन कैमरा भी लगवा सकते हैं। घर में इन्वर्टर होना भी जरूरी है, ताकि लाइट जाने पर भी रोशनी कम न हो।

# मिक्सर जार से आ रही है बदबू तो काम आएगा केले का छिलका

मिक्सर जार बार-बार इस्तेमाल के कारण इसमें फंसे खाने, मसालों या गीली चीजों की वजह से बदबू आने लगती है। ऐसे में कई बार धोने के बाद भी बदबू खत्म नहीं होती। अगर आपके साथ ही ऐसा है, तो हम आपको बताएंगे केला का छिलका इस्तेमाल करने का यूनिक तरीका जिससे जार की बदबू कम कर सकते हैं। केले का छिलका न सिर्फ पोषण से भरपूर फल का हिस्सा है, बल्कि यह एक बेहतरीन प्राकृतिक क्लीनर भी है। इसमें मौजूद प्राकृतिक एंजाइम और फाइबर मिक्सर जार की बदबू को हटाने में मदद करते हैं।

## कैसे करें इस्तेमाल?

सबसे पहले एक केले का छिलका लें और इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। मिक्सर जार में यह छिलका डालें और थोड़ा पानी मिलाएं।

मिक्सर को 30-40 सेकंड के लिए चलाएं। यह छिलका जार के अंदर के दाग-धब्बों और बदबू को हटाने में मदद करेगा। मिक्सर जार को अच्छी तरह से धो लें और फिर सूखने के लिए रख दें।



## केले के छिलके के साथ नमक मिलाएं

अगर आप अंदर से जार की सफाई करना चाहते हैं, तो इसके साथ नमक मिला सकते हैं। नमक जार की अच्छी तरह सफाई करता है और छिलके बदबू मिटाने के काम करेगा।

कैसे करें इस्तेमाल : केले का छिलका छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें। इसमें एक चम्मच नमक डालें और थोड़ा पानी मिलाएं। इस मिश्रण को मिक्सर में डालकर चलाएं।

## बेकिंग सोडा और केले का छिलका

बेकिंग सोडा से जार में जमी चिकनाई और गंदगी आसानी से हट जाती है। वहीं, केले के छिलके जार में नयापन लाने का कम करते हैं। आप इसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

कैसे करें इस्तेमाल : केले का छिलका और 1 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्सर जार में डालें। थोड़ा पानी डालकर मिक्स करें। गर्म पानी और केले के छिलके का करें इस्तेमाल। जार में इतना गर्म पानी डालें कि छिलका अच्छी तरह डूब जाए।

मिक्सर को 30 सेकंड से 1 मिनट तक चलाएं। छिलके और गर्म पानी के मिश्रण को जार के अंदरूनी हिस्सों तक पहुंचाती है, जिससे दाग और बदबू हटती है। मिक्सर को बंद करें और मिश्रण को फेंक दें। जार को साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। जार को खुली हवा या धूप में सुखाएं, ताकि नमी पूरी तरह खत्म हो जाए।

# हमेशा भिगोकर ही खाएं ये ड्राई फ्रूट्स, होंगे कई जबरदस्त फायदे

ड्राई फ्रूट्स हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होते है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्ल भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ड्राई फ्रूट्स खाने से शरीर को एनर्जी मिलने के साथ ही यह डाइजेशन, स्किन और इम्यूनिटी को भी बूस्ट करने का काम करते हैं। वैसे तो आप ड्राई फ्रूट्स का सेवन सीधा भी कर सकते हैं लेकिन इन्हें भिगोकर खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर खाने से शरीर में इनका अवशोषण सही तरीके से हो पाता है। तो आइए जानते हैं किन ड्राई फ्रूट्स को आपको भिगोकर खाना चाहिए।



**किशमिश-** किशमिश में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। भिगोने से इसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है और यह डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए भी फायदेमंद होता है। किशमिश शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करते हैं। भिगोने से इसके एंटीऑक्सीडेंट्स का अवशोषण बेहतर होता है।

**बादाम-** बादाम में विटामिन ई और मैग्नीशियम होता है। भिगोने से इसकी स्किन सॉफ्ट हो जाती है और इसके पोषक तत्वों का अवशोषण सही तरीके से होता है।

**अखरोट-** अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। भिगोने से इसकी स्किन सॉफ्ट हो जाती है और इसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है।

**खजूर-** खजूर में फाइबर, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। भिगोने से इसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है और यह डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए भी फायदेमंद होता है।

पिस्ता- पिस्ता में विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। भिगोने से इसकी त्वचा नरम हो जाती है और इसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है।

**क्यों भिगोना चाहिए :** भिगोने से ड्राई फ्रूट्स की त्वचा नरम हो जाती है और इसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। इससे डाइजेस्टिव सिस्टम भी हेल्दी रहता है और शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं।

कार्नर न्यूज

छात्रों को इस पर्व का महत्त्व समझ आता है

# स्कूल में मनाना है गणतंत्र दिवस का पर्व समारोह में शामिल करें ये गतिविधियां

*हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है, क्योंकि साल 1950 में इसी दिन भारत के संविधान को अपनाया गया था। इस खास राष्ट्रीयय त्योहार के मौके पर तिरंगा फेहराया जाता है और सभी लोग देशभक्ति में सराबोर नजर आते हैं। गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके जरिए छात्रों को इस पर्व का महत्त्व समझ आता है। आप अपने स्कूल में इस दिन इन गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं।*



## झंडा फहराएं और राष्ट्र गान गाएं


गणतंत्र दिवस का उत्सव बिना झंडा फहराए अधूरा रहता है। इस दिन आपको अपने स्कूल में भी झंडा जरूर फहराना चाहिए। यह भारत के संविधान और उसके लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। झंडा फहराने के बाद सभी शिक्षक और छात्र राष्ट्र गान गाएं और देशभक्ति की भावना को व्यक्त करें। झंडा फहराते समय सभी छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करें और उन्हें ऐसा करने का महत्त्व भी समझाएं।

## भाषण या कविता स्पर्धा का आयोजन

गणतंत्र दिवस के मौके पर आप भाषण या कविता की प्रतियोगिता का आयोजित भी कर सकते हैं। सभी छात्रों को देशभक्ति से जुड़ी कविता या भाषण लिखने को कहें। झंडा फहराने के बाद छात्र अपनी-अपनी कविताएं व भाषण सभा के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसका भाषण या कविता सबसे अच्छी हो, उसे पुरूस्कार दें और हौसला अफजाई करें।

## फैंसी ड्रेस स्पर्धा में स्वतंत्रता सेनानियों जैसे तैयार होने कहें

गणतंत्र दिवस पर आप फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। हालांकि, इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों की तरह तैयार होने के लिए कहें। छात्र जिस भी सेनानी की वेशभूषा अपनाएं, उसे उनके विषय में पढ़ने को कहें। साथ ही, छात्र उनसे संबंधित भाषण भी तैयार कर सकते हैं या उनके लोकप्रिय डायलॉग भी बोल सकते हैं। इस गतिविधि के जरिए छात्र स्वतंत्रता संग्राम का असली मतलब जान सकेंगे।





## देशभक्ति के गीतों पर थिरकें

आप इस खास मौके पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवा सकते हैं। इस पर्व पर छात्रों को डांस करने और गाना गाने का अवसर प्रदान करें। छात्र देशभक्ति के गीतों पर थिरक सकते हैं और उन्हें गा सकते हैं। इसके अलावा, आप नाटकों का भी आयोजन करवा सकते हैं। इन गतिविधियों के जरिए गणतंत्र दिवस के जश्न का मजा दोगुना हो जाएगा और छात्रों को भी आनंद महसूस होगा।

## तिरंगे बनाने की प्रतियोगिता रखें

आप गणतंत्र दिवस के दिन सभी छात्रों को तिरंगे बनाने के लिए कह सकते हैं। इन्हें स्कूल की दीवारों पर चिपकाएं और सजावट के लिए इस्तेमाल करें। हालांकि, ध्यान रखें कि तिरंगे का अपमान न हो, वह फटे नहीं और जमीन पर न गिरे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कोल्डप्ले सिंगर क्रिस मार्टिन ने लिया स्टेज पर शाहरुख का नाम



इन दिनों मुंबई कोल्ड प्ले म्यूजिक बैंड के रंग में रंगा नजर आ रहा है। इस इंटरनेशनल बैंड के कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। हाल ही में बैंड के पॉपुलर सिंगर क्रिस मार्टिन ने स्टेज पर शाहरुख खान का नाम लिया। जिस पर किंग खान ने रिएक्ट किया है? हाल ही में कोल्डप्ले के सिंगर क्रिस मार्टिन ने अपने स्टेज से शाहरुख खान का नाम लिया और उनके नाम को हमेशा के लिए याद किया जाने वाला बताया। वह स्टेज से कहते हैं, 'शाहरुख खान फॉरएवर।'यह बात सुनकर कॉन्सर्ट में मौजूद लोग, खूब शोर मचाते हैं। इस कॉन्सर्ट में शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी पहुंची थीं। वह अपने दोस्तों के साथ क्रिस मार्टिन का कॉन्सर्ट देखने आईं। शाहरुख खान ने भी सोशल मीडिया पर क्रिस मार्टिन को थैंक्स कहा। किंग खान एक्स (ट्विटर) पर लिखते हैं- 'सितारों को देखो, वह तुम्हारे लिए चमक रहे हैं। क्रिस मेरे भाई, तुमने मुझे खास फील करवाया है।' आगे शाहरुख, क्रिस को आई लव यू लिखते हैं।' साथ ही किंग खान यह भी लिखते हैं कि भारतीय लोग भी क्रिस को प्यार करते हैं। शाहरुख खान और क्रिस मार्टिन यह प्यार भरा रिश्ता देखकर फैंस को भी काफी खुशी हुई है। फैंस ने भी शाहरुख और क्रिस मार्टिन को लेकर अलग-अलग तरह के रिएक्शन सोशल मीडिया पर दिए हैं।

### टॉलीवुड

## महादेव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय




स्काई फोर्स की रिलीज से पहले अक्षय कुमार ने अपने प्रशंसकों को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा से उनका लुक कुछ ही देर पहले जारी किया है, जिसमें वह महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं। साउथ फिल्म कन्नप्पा का ऐलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं, अब अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। अक्षय कुमार कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म 'ओ माय गॉड' में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं।अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय'

### भोजपुरी

## 'ससुराल गेंदा फूल' की लखनऊ में शूटिंग हुई शुरू



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक और खूबसूरत लोकेशंस पर भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई और एंटरटेनिंग फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म एस आर के म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही है, जिसके निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मीला आर सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक संजय श्रीवास्तव हैं, जो अपने निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। फिल्म की शूटिंग बड़े उत्साह और जोश के साथ शुरू हुआ। फिल्म के डीओपी (डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी) सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में फिल्म बन रही है। इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के कई बड़े और उभरते हुए कलाकार अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। मुख्य भूमिकाओं में रितेश उपाध्याय और Richa Dixit हैं, जिनके साथ समर्थ चतुर्वेदी, श्रद्धा नवल, विनोद मिश्रा, पूजा ठाकुर, सोनू पांडे, आंचल तिवारी, और कई अन्य कलाकार फिल्म की कहानी को जीवंत बनाएंगे। सपोर्टिंग रोल्स में संजय मिश्रा, सोनिया मिश्रा, सुजीत सार्थक, और आशीष यादव जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का संगीत ओम झा और संतोष पुरी द्वारा तैयार किया जा रहा है। भोजपुरी फिल्मों में उनकी संगीत की समझ और अनुभव ने कई हिट गाने दिए हैं, और इस फिल्म के गाने भी दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेंगे।

## लाइफ स्टाइल

डोनाल्ड ट्रंप की डिनर पार्टी के लिए नीता अंबानी ने अपने लिए बहुत ही सिंपल सी सिल्क की साड़ी चुनी थी, जिसे उनके लिए खासतौर पर भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। यह साड़ी स्वदेश इंडिया के तहत दक्षिण भारत के हस्तशिल्पकारों के साथ मिलकर तैयार की गई थी, जिसकी एक-एक डिटेल पर बहुत ही बारीकी से काम किया गया था। इस विजिट के लिए नीता अंबानी ने खूबसूरत कांचीपुरम सिल्क साड़ी पहनी थी, जिसे कांचीपुरम के मंदिरों से प्रेरित 100 से अधिक पारंपरिक रूपांकनों के साथ डिजाइन किया गया था। इस साड़ी पर स्ट्राइप पैटर्न बनाया गया था, जिसकी एक-एक डिटेल में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कारीगर बी. कृष्णमूर्ति द्वारा बुनी गई इरुथलाइपाक्षी (भगवान विष्णु का प्रतीक दो सिर वाला ईगल), मायिल (दिव्यता और अमरता का प्रतीक) और सोर्गावसल (भारत की लोककथाओं का जश्न) जैसे जटिल डिजाइन शामिल थे।



काली साड़ी में सजी दिखीं नीता अंबानी

## आंखों की सुंदरता व पर्सनैलिटी को निखारने में भौंह का बहुत योगदान, कर लें तीन काम हो जाएंगी आकर्षक

घनी और आकर्षक भौहें न केवल चेहरे की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि यह आपकी पर्सनैलिटी को भी निखारती हैं। बाजार में आपको बहुत सारे उत्पाद मिल जाएंगे जो आपकी भौहों को मोटा और घना दिखाने में मदद कर सकते हैं, मगर यह विकल्प स्थाई नहीं होते। बहुत से लोग पतली, कमजोर या झड़ती हुई भौहों की समस्या से जूझते हैं। आप कुछ घरेलू और प्राकृतिक उपायों को अपनाकर अपनी भौहों को घना, मजबूत और खूबसूरत बना सकते हैं।

**नारियल तेल का उपयोग करें :** नारियल तेल बालों की ग्रोथ के लिए सबसे बेहतरीन और प्राकृतिक उपाय है। यह न केवल भौहों को घना बनाता है, बल्कि उन्हें पोषण देकर मजबूत भी करता है।

**नारियल तेल के फायदे:** इसमें फैटी एसिड और विटामिन ई की भरपूर मात्रा होती है, जो बालों के विकास को बढ़ावा देती है। यह बालों के रोमछिद्रों को पोषण देता है और बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है। नारियल तेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो भौहों के आसपास की त्वचा को स्वस्थ रखते हैं।



**अरंडी का तेल कैस्टर ऑयल के फायदे :** इसमें मौजूद रिकिनोलेक एसिड बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देता है। यह बालों को टूटने से बचाता है और उन्हें मजबूत बनाता है। यह स्कैल्प और त्वचा को हाइड्रेट करता है, जिससे बालों की जड़ों को पोषण मिलता है।

### अन्य घरेलू उपाय जो कर सकते हैं मदद:

प्याज में मौजूद सल्फर बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है और उनकी ग्रोथ को बढ़ावा देता है।प्याज का रस निकालें और इसे भौहों पर लगाएं। 10 मिनट तक रखें और फिर ठंडे पानी से धो लें।

दूध में मौजूद प्रोटीन और बायोटिन भौहों को घना बनाने में मदद करता है। एक कॉटन पैड को दूध में भिगोकर भौहों पर लगाएं। इसे 15 मिनट तक रखें और फिर धो लें।

अंडे में प्रोटीन की अधिक मात्रा होती है, जो बालों को पोषण देती है। अंडे का सफेद भाग निकालें और इसे भौहों पर लगाएं। 15-20 मिनट तक रखें और ठंडे पानी से धो लें।

ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। ग्रीन टी को ठंडा करके भौहों पर लगाएं। 10 मिनट तक रखें और फिर धो लें।

## क्लासी लुक, स्टाइल करें लेटेस्ट डिजाइंस की टिश्यू साड़ी

फैशन



साड़ी एवरग्रीन फैशन है और अगर आप स्कूल-कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में क्लासी लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। हर खास फंक्शन पर महिलाएं साड़ी वियर करना पसंद करती हैं ताकि वे इस मौके पर खूबसूरत नजर आए। अगर आप स्कूल-कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में शमिल हो रही हैं और क्लासी लुक चाहती हैं तो, आप ये टिश्यू साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाली टिश्यू साड़ी दिखा रहे हैं। इस तरह की साड़ी क्लासी लुक पाने के लिए बेस्ट है तो वहीं इन साड़ी में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी।

**जरी वर्क टिशू साड़ी :** क्लासी लुक के लिए आप इस तरह की जरी वर्क टिशू साड़ीस्कूल-कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी को स्टाइल करने के दौरान आपका लुक खूबसूरत और अलग नजर आता है। इस तरह की साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइंस ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। इस तरह की जरी वर्क टिशू साड़ी के साथ आप मिरर वर्क इयरिंग्स साथ ही फुटवियर में स्टाइलिश फ्लैट्स पहन सकती हैं।

**मिरर और स्टोन वर्क साड़ी :** स्कूल कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में आप इस तरह के मिरर और स्टोन वर्क साड़ी का भी चुनाव कर सकती हैं जो न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। यह साड़ी सिंपल है। लेकिन, इस साड़ी के बॉर्डर पर किया हुआ वर्क आपके लुक को खूबसूरत बनाने में मदद करेगा। इस तरह की साड़ी को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन ले सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप हील्स स्टाइल कर सकती हैं।



**टिशू नेट साड़ी :** अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की टिशू नेट साड़ी भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ सस्ते कीमत में मिल जाएंगी जिन्हें आप रॉयल के साथ-साथ क्लासी लुक के लिए स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपका कई सारे ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप मिरर वर्क या सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप मोजरी वियर कर सकती हैं।

## आपकी ही खूबसूरती की होगी चर्चा जब वियर करेंगी खूबसूरत डिजाइंस वाला नेट लहंगा

शादी के मौके पर कई महिलाएं लहंगा वियर करना पसंद करती हैं जिसमें उनका लुक रॉयल नजर आता है। लेकिन, अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं और ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का नेट वाला लहंगा शादी के मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ खूबसूरत डिजाइंस के नेट वाले लहंगे दिखा रहे हैं जो आप शादी जैसे खास मौके पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं। यह लहंगा न्यू और स्टाइलिश साथ ही रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

**जरी वर्क नेट लहंगा :** शादी के मौके पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह का नेट लहंगे का चुनाव कर सकती हैं। इस लहंगे में बेहद ही खूबसूरत जरी वर्क किया है साथ सिल्वर स्टोन वर्क किया हुआ है। इस लहंगे को वियर करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और इस लहंगे को आप सस्ते दाम में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। यह जरी वर्क नेट लहंगा आपको बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल सकता है। इस सूट के साथ आप स्टोन वर्क या मिरर वर्क ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।




**एम्ब्रॉयडरी वर्क नेट लहंगा :** अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क वाले नेट लहंगे का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क लहंगे में आपको कई सारे लाइट कलर के ऑप्शन मिल जाएंगे। इस लहंगे के साथ आप लहंगे के कलर के अनुसार, स्टोन या पर्ल वर्क ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

**मल्टी-सेक्विन वर्क लहंगा :** अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह के मल्टी-सेक्विन वर्क लहंगे का भी चुनाव कर सकती हैं। इस लहंगे में बेहद ही खूबसूरत सेक्विनस वर्क किया हुआ है साथ ही ये कंट्रास्ट ब्लाउज के साथ है।

## पटियाला सूट में मॉर्डन लगने के लिए ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल

भारत में शादी और त्योहारों के मौके पर सूट एक खास और पारंपरिक परिधान है। चाहे वह अनारकली हो, चूड़ीदार हो या फिर पटियाला सूट.. हर सूट का अपना एक अलग एलिगेंस होता है। साथ ही यह न सिर्फ आरामदायक होते हैं, बल्कि हमारे अंदर सांस्कृतिक धरोहर को भी जिंदा रहती है, लेकिन कई बार सूट एक ही तरह की वाइब्स देते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो परेशान न हों, क्योंकि हम आपको सलाह देंगे कि आप हेयरस्टाइल के साथ थोड़ा बदलाव करें। आजकल वैसे भी कई सारे हेयरस्टाइल ट्रेंड में हैं, जिससे आप अपना लुक भी सुधार सकते हैं।

**पफ्ड स्लीक हाई बन :** पफ्ड स्लीक हाई बन बहुत ही स्टाइलिश और एलिगेंट हेयरस्टाइल है, जो खासतौर पर शादी, त्योहारों या किसी खास मौके पर पहने जाने वाले सूट के साथ बनाया जाता है। इस हेयर स्टाइल में आपके बालों को सिल्की और स्मूथ तरीके से सेट किया जाता है, जबकि बन के ऊपर हल्का-सा पफ दिया जाता है।



**कैसे बनाएं :** सबसे पहले बालों को अच्छी तरह से कंघी करके चिकना करें। आप चाहें तो बालों में थोड़ा हेयर जेल भी लगा सकते हैं, ताकि बाल स्मूथ और शाइनी रहें। बालों के ऊपरी हिस्से को हल्के से उठाकर उसमें थोड़ा वॉल्यूम दें और उसे पिन करें। इस पफ को हल्का और नैचुरल रखें, ताकि बन में निखार आए। अब बाकी बालों को एक लोचदार एलास्टिक से ऊपर की तरफ कसकर बांध लें और एक टाइट हाई बन बना लें।

**हाफ-अप हाफ-डाउन विथ ट्विस्ट**

हाफ-अप हाफ-डाउन विथ ट्विस्ट हेयर स्टाइल आपको सुनने में काफी अजीब लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए इससे पटियाला सूट और आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। इस हेयरस्टाइल में बालों के आधे हिस्से को ऊपर की तरफ खींचकर बांधा जाता है, जबकि बाकी बालों को नीचे खुला छोड़ा जाता है।

**कैसे बनाएं :** सबसे पहले बालों को अच्छी तरह से ब्रश कर लें, ताकि कोई गांठ न हो। बालों को मुलायम और सुलझा हुआ रखने के लिए आप बाउंसी हॉल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बालों को बीच से या साइड से दो हिस्सों में बांट लें। बालों के ऊपर के हिस्से को उठाकर एक छोटा सेक्शन लें और उसे ट्विस्ट करें।

### कार्नर न्यूज

## सिल्की साड़ी से रॉयल लुक क्रिएट करने के लिए बेस्ट होती हैं

शादी शुरू हो गई हैं, ऐसे में हर हर किसी के यहां शादी का नहीं होता जरूर आया होगा जैसे ही नहीं होता आता है। सबसे पहले हमारे दिमाग में एक ही बात चलती है कि शादी में ऐसा क्या पहन कर जाए ताकि हर कोई हमारी तारीफ करें। कई सारी महिलाएं ऐसी होती है जो अपने लिए डिजाइनर साड़ी खरीदती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती है, जो सिल्क की साड़ी पहनना सबसे ज्यादा पसंद करती है।

ऐसा इसलिए क्योंकि सिल्की साड़ी से रॉयल लुक क्रिएट करने के लिए बेस्ट होती हैं। साथ ही, आप इसके साथ अलग-अलग तरीके की ज्वेलरी और एक्सेसरीज को भी स्टाइल कर पाते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरीके की कलर वाली सिल्क की साड़ी आप वेडिंग सीजन में वियर कर सकती हैं।

## शादी में पहनने के लिए खरीदें सिल्क साड़ी के ऐसे कलर्स जिससे लुक लगे सबसे अलग



### वाइन कलर की सिल्क साड़ी

सिल्क साड़ी में वैसे तो कई सारे कलर्स आते हैं लेकिन आजकल काफी ट्रेंड में चल रहा है वाइन कलर आप भी इस कलर की साड़ी को खरीद सकते हैं, चाहें वो बनारसी सिल्क हो या फिर चंदेरी सिल्क हर किसी का पैटर्न अलग-अलग होता है। आप भी इस तरीके की साड़ी को अलग-अलग ज्वेलरी स्टाइल के साथ वियर कर सकती है। साथ ही, सिंपल मेकअप लुक और ब्रेड हेयर स्टाइल क्रिएट करके लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इससे आप और भी ज्यादा सुंदर और एलिगेंट लगेंगी। साथ ही, ट्रेंड करने वाले कलर को स्टाइल कर पाएंगी।



### मैरून कलर की साड़ी करें स्टाइल

मैरून कलर की साड़ी वैसे तो हर किसी पर जचती है लेकिन अगर आपके घर में किसी खास की शादी है, तो उसके लिए आप इस कलर वाली साड़ी को बनारसी सिल्क में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, इसका जो बॉर्डर होगा उसमें भी गोल्डन कलर मिलेगा। आप जब इसे खरीदेंगी तो प्रिंट और डिजाइन का ध्यान रखें।

### येलो कलर की सिल्क साड़ी

अगर आपको डार्क और ब्राइट कलर पहनना पसंद है, तो इसके लिए आप येलो कलर की साड़ी को खरीद सकती हैं। येलो कलर में भी आपको सिल्क फैब्रिक में कई सारे कलर्स टोन मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदकर शादी में वियर कर सकती हैं। इसके साथ आप चाहें तो बॉर्डर से मैचिंग ज्वेलरी और साड़ी के कलर के हिसाब से मेकअप लुक क्रिएट कर पाएंगी।

### बाजार में और भी हैं बेहतरीन कलर वाली साड़ियां

इस बार वेडिंग सीजन में इन कलर्स को मिस ना करें। इन्हें जरूर स्टाइल करें और अच्छी-अच्छी फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। इसे देखकर हर कोई अपनी वॉर्डरोब में कलेक्शन में इन कलर्स को जरूर रखना चाहेगा।